दैनिक
# मिशन नेशनल न्यूज
Mission of Truth
TITLE CODE.: UTTHIN05386
हिन्दी अखबार
प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद
वेबसाईट पढ़े : www.missionnationalnews.com
वर्ष-2 अंक-342 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये
हरिद्वार, सोमवार, 09 दिसंबर 2024

## मोदी सोमवार को राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन-2024 का करेंगे उद्घाटन

**जयपुर,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा राजधानी जयपुर में आयोजित तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन-2024 का सोमवार सुबह उद्घाटन करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री मोदी सुबह करीब साढ़े दस बजे सीतापुरा क्षेत्र में स्थित जयपुर प्रदर्शनी और सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) में इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी नौ से ग्यारह दिसंबर तक आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद मुख्य अतिथि के रुप में इसे सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का भी उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केंद्रीय मंत्रिमंडल और राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य, पांच हजार से अधिक निवेशक, कारोबार और व्यापार जगत के अधिकारी, प्रतिनिधिमंडल और अन्य प्रतिभागी मौजूद रहेंगे।

सम्मेलन की शुरूआत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वागत भाषण से होगी। इस सम्मेलन से पहले करीब 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के लिए एमओयू किये जा चुके हैं।



उद्घाटन सत्र में श्री कुमार मंगलम बिड़ला, श्री अनिल अग्रवाल, श्री गौतम अडानी, श्री आनंद महिंद्रा, श्री संजीव पुरी, श्री अजय एस. श्रीराम जैसे शीर्ष उद्योगपति और जापान के राजदूत केइची ओएनओ सहित कई व्यापारिक समूहों के शीर्ष अधिकारी और राजनयिक भी शामिल होंगे। सम्मेलन में 32 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें 17 देशों की भागीदारी ‘पार्टनर कंट्री’ के रूप में होगी।

सम्मेलन के दौरान प्रतिभागी देशों और राजस्थान के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए आठ देशों के लिए कंट्री सेशन्स और राउंडटेबल का आयोजन भी किया जायेगा। भाग लेने वाले 34 देशों में, 17 देश इन्वेस्टमेंट समिट के ‘पार्टनर कंट्री’ हैं, जिनमें डेनमार्क, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, मलेशिया, स्पेन, क्यूबा, वेनेजुएला, मोरक्को, अर्जेंटीना, ब्राजील, कोस्टा रिका, नेपाल, ओमान, पोलैंड और थाईलैंड शामिल हैं। बांकी देश जो विभिन्न क्षमताओं में इस इन्वेस्टमेंट समिट में भाग ले रहे हैं, उनमें अमेरिका, यूके, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मिस्त्र, फिनलैंड, रूस, सेशेल्स, चाड, इक्वाडोर, घाना, इराक, मेडागास्कर, पैराग्वे और जिम्बाब्वे शामिल हैं।

सम्मेलन के मुख्य आकर्षणों में उद्घाटन और ‘कंट्री सेशन्स’ के अलावा, प्रवासी राजस्थानी कॉनक्लेव, एमएसएमई कॉन्क्लेव और 12 क्षेत्रों के लिए थीमैटिक सत्र शामिल हैं। इन सत्रों में देश और दुनिया के कई विशेषज्ञ, उद्योग और व्यापार जगत के शीर्ष अधिकारी, केंद्र और राजस्थान सरकार के अधिकारी वगैरह भाग लेंगे और इस दौरान संबंधित विषय से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों, तकनीकी परिवर्तनों और उभरते अवसरों पर चर्चा की जाएगी।

सम्मेलन के दूसरे दिन मंगलवार को प्रवासी राजस्थानी कॉनक्लेव का आयोजन किया जायेगा, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में फैले हुए प्रवासी राजस्थानी को एक मंच पर लाना और उनके बीच आपसी सहयोग और राजस्थानी होने की भावना को बढ़ावा देना है। इस सत्र में प्रवासी राजस्थानी समुदाय के प्रति राजस्थान सरकार की प्रतिबद्धता और राज्य सरकार द्वारा इसके तहत किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा होगी।

सम्मेलन के तीसरे दिन बुधवार को एमएसएमई कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें एमएसएमई उद्यमियों, निवेशकों, देश और दुनिया के कई विशेषज्ञ, उद्योग और व्यापार जगत के शीर्ष अधिकारी, केंद्र और राजस्थान सरकार के अधिकारी वगैरह शामिल होंगे और इस क्षेत्र की भविष्य की चुनौतियों व तैयारी पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो भी रहेगा जिसमें राजस्थान पैवेलियन, कंट्री पैवेलियन, स्टार्टअप पैवेलियन और प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) सहित प्रमुख भारतीय और वैश्विक व्यापार समूहों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### उधमपुर में 2 पुलिसकर्मियों के शव मिलने से हड़कंप

**जम्मू,**

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में रविवार सुबह दो पुलिसकर्मी के शव पुलिस वैन में मिलने से हड़कंप मच गया। शवों के शरीर पर गोलियों के निशान मिले हैं। किसी हमले के अंदेशे के बीच बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मियों ने ही एक दूसरे को गोली मारी जिससे दोनों की ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार उधपुर में रविवार सुबह 02 पुलिसकर्मियों के शव पुलिस वैन में बरामद हुए थे। पुलिस के प्रारंभिक जांच में पाया गया कि पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह आपसी रंजिश से जुड़ा मामला लगता है। उक्त पुलिसकर्मी सोपोर से जम्मू क्षेत्र के रियासी से तलवाड़ा के असिस्टेंट ट्रेनिंग सेंटर जाने के लिए निकले थे। मृतकों में एक ड्राइवर है, जबकि दूसरा हेड कॉन्स्टेबल बताया गया है। बताया जा रहा है कि हेड कांस्टेबल ने आत्महत्या करने से पहले किसी बात को लेकर ड्राइवर पर गोली चलाई होगी, जिससे उसकी मौत हुई और उसके बाद हेड कॉन्स्टेबल ने खुद को गोली मार ली। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। वहीं इस घटना में एक सिलेक्शन ग्रेड कॉन्स्टेबल घायल हुआ है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है। मामूली रुप से घायल हुए ग्रेड कॉन्स्टेबल से पुलिस पूछताछ कर रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होने की उम्मीद है। इस घटना में एके-47 राइफल को इस्तेमाल किया गया। मृतक कश्मीर निवासी थे, जिन्हें सोपोर में तैनात किया गया था।

### सीरिया पर विद्रोहियों का कब्जा, राष्ट्रपति बशर अल असद देश छोड़कर भागे

**नई दिल्ली**

सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोहियों का कब्जा हो गया है। सेना ने विद्रोहियों के सामने हथियाद डाल दिए हैं। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद देश छोड़कर भाग चुके हैं। सीरिया के आर्मी कमांडर ने असद सरकार को खत्म करने का ऐलान किया। सीरियाई विद्रोहियों ने रविवार को ऐलान किया कि बशर अल-असद राजधानी से भाग गए हैं। विद्रोहियों ने दमिश्क को आजाद घोषित कर दिया है। पुलिस मुख्यालय से लेकर टीवी नेटवर्क तक पर विद्रोहियों का कब्जा है।

मिलिट्री ऑपरेशंस कमांड ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में लिखा- हम तानाशाह बशर अल-असद से दमिश्क शहर को आजाद घोषित करते हैं।

दुनिया भर में विस्थापित हुए सभी लोगों के लिए एक आजाद सीरिया आपका इंतजार कर रहा है। इससे पहले विद्रोहियों ने राजधानी में घुसने और दमिश्क के उत्तर में कुख्यात सैदनाया सैन्य जेल पर नियंत्रण करने का दावा किया था। वहीं, दूसरी ओर सीरिया के पीएम मोहम्मद गाजी अल-जलाली ने रविवार सुबह एक संदेश में कहा कि सरकार लोगों की ओर से चुने गए किसी भी नेतृत्व के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने साफ कहा कि वह सत्ता सौंपने के लिए तैयार हैं।

## एमवीए गठबंधन चुनाव में हार से न हो निराश, जनता के बीच जाएं



**-वरिष्ठ नेता शरद पवार ने अपने सहयोगियों का बढ़ाया हौंसला**

**कोल्हापुर**

एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र चुनाव में हार के बाद अपने सहयोगी नेताओं की हौंसला अफजाई की है। शरद पवार ने कहा कि विपक्ष को अपनी हार पर निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि उन लोगों के पास जाना चाहिए जो महाराष्ट्र चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाली महायुति की भारी जीत से उत्साहित नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्ष की प्राथमिकता तय करना होगी कि सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा किए गए सभी चुनावी वादों को जल्द से जल्द लागू किया जाए, जिसमें लाडकी बहिण योजना के तहत महिलाओं को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 1500 रुपए से बढ़ाकर 2100 रुपए करना शामिल है। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त मतों और जीती गई सीटों के बीच तुलना आश्चर्यजनक है।

पवार ने कहा कि यह सच है कि हम हार गए हैं। हमें इस पर चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि लोगों के पास जाना चाहिए, क्योंकि चुनाव परिणामों को लेकर लोगों में कोई उत्साह नहीं दिख रहा है। उनमें नाराजगी नजर आ रही है। बता दें कि सत्तारूढ़ बीजेपी-राकांपा-शिवसेना गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में 288 में से 230 सीटें जीतीं हैं। शरद पवार ने कहा कि विधानसभा में विपक्ष की ताकत कम है, लेकिन कई युवा विपक्षी विधायक एक-दो सत्रों के बाद अपनी क्षमता दिखाएंगे।

### न्याय यात्रा: कड़कड़ाती ठंड में कांग्रेस नेताओं ने टेंट में बिताई रातें, समापन पर बोले- जनता के लिए कुछ भी करेंगे

**नई दिल्ली**

दिल्ली कांग्रेस ने 8 नवंबर को राजघाट से न्याय यात्रा की शुरूआत की थी। यात्रा का मूल उद्देश्य था कि संविधान की रक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करना और आमजन को न्याय दिलाने के साथ कांग्रेस को मजबूत करना। इसके लिए कांग्रेस नेताओं ने सभी 70 विधानसभा सीटों में जाकर लोगों से संपर्क किया और उन्हे कांग्रेस के मूल उद्देश्यों के प्रति अवगत कराया। इस दौरान कई कांग्रेस नेताओं ने कड़कड़ाती ठंड में टेंट में रातें बिताईं। जब उनसे ठंड के दिनों के यात्रा के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि जनता के लिए कुछ भी करेंगे।

इस न्याय यात्रा का शनिवार को रोहिणी में समापान हो गया। यह यात्रा विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत करने और जनता से न्याय की अपील के लिए निकाली गई थी। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव ने बताया कि पहले दिन यात्रा में कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद अजय माकन, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा और अनिल चौधरी जैसे नेताओं ने हिस्सा लिया। दूसरे चरण में कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला और बादली विधानसभा क्षेत्र में राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और एआईसीसी सचिव काजी निजामुद्दीन ने यात्रा में शामिल होकर पार्टी कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया।

इस यात्रा के दौरान यादव और अन्य नेताओं ने कैंपों में रात बिताई और दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया। यात्रा का उद्देश्य लोगों को न्याय दिलाने और कांग्रेस की मजबूत वापसी का संदेश देना था।

## जयशंकर बोले- रुस नहीं दे रहा सस्ता तेल, आपके पास कोई डील हो तो बताएं

**नई दिल्ली**

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस का बहिष्कार किया, लेकिन भारत ने अपनी दोस्ती बरकरार रखी। इसको लेकर जब विदेश मंत्री एस जयशंकर से सवाल पूछे गए तो उन्होंने करारा जवाब दिया। जयशंकर ने शनिवार को भारत के रूस से तेल खरीदने के फैसले का जोरदार बचाव किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विश्व के पास भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोई बेहतर विकल्प है। यह बयान उन्होंने 22वें दोहा फोरम के पैनल नए युग में संघर्ष समाधान पर चर्चा के दौरान दिया।



जयशंकर ने स्पष्ट किया कि रूस से तेल खरीदना भारत के लिए कोई सस्ता सौदा नहीं है, बल्कि यह देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की एक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं तेल खरीदता हूं। यह सच है। यह सस्ता नहीं है। क्या आपके पास बेहतर डील है? भारत ने हाल के वर्षों में रूस से कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि की है। रूस अब भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन चुका है, जो भारत के कुल तेल आयात का 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल की शुरूआत में कीव का दौरा किया और राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। पीएम मोदी ने भारत के शांति के पक्ष में रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। दूसरी ओर जेलेंस्की ने भारत से यूक्रेन का समर्थन करने और संतुलनकारी रवैया न अपनाने की अपील की। दोहा फोरम में जयशंकर ने संकेत दिया कि वैश्विक राजनीति में यथार्थवाद की ओर रुख हो रहा है। उन्होंने कहा, वार्ता की आवश्यकता को स्वीकार करना युद्ध जारी रखने की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण हो रहा है।

## राहुल नार्वेकर बन सकते हैं महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष, सोमवार को होगा चुनाव

**-सीएम फडणवीस, उप-मुख्यमंत्री शिंदे व अजीत की मौजूदगी में दाखिल किया नामांकन**

**मुंबई,**

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने रविवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस, उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की मौजूदगी में विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव सोमवार को होगा। वहीं, नामांकन की प्रक्रिया रविवार को हो चुकी है। विधानसभा में महायुति के संख्या बल को देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुना जाएगा।



राहुल नार्वेकर ने कहा कि मुझे पार्टी की तरफ से जो जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। मैं उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की तरफ से विधानसभा अध्यक्ष के पद को लेकर जो भी फैसले लिए जाएंगे, वह मुझे स्वीकार होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताते हुए कई मौके दिए और इस बार भी मुझे जो जिम्मेदारी सौपी जाएगी मैं विश्वास दिलाता हूं कि मैं उसके मुताबिक काम करूंगा।

बता दें कि राहुल नार्वेकर महाराष्ट्र की कोलाबा सीट से विधायक चुने गए हैं। उन्होंने शनिवार को विधानसभा में पद की शपथ ली थी। महायुति की ढाई साल की सरकार में भी वह विधानसभा स्पीकर चुने गए थे।

राहुल नार्वेकर ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत शिवसेना से की थी। इसके बाद वह 2014 में शिवसेना छोड़कर एनसीपी में शामिल हो गए थे। जून 2016 में वह विधानसभा पार्षद चुने गए थे। उन्हें गवर्नर ने मनोनीत किया था। इसके बाद 2019 में उन्होंने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की थी। वहीं, 2022 में महायुति की सरकार आने के बाद बीजेपी ने उन्हें विधानसभा का अध्यक्ष बनाया था।

## फरवरी तक तैयार हो जाएगा राम मंदिर, कुबेर टीले का भी दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

**अयोध्या**



अयोध्या में राम मंदिर का काम तेजी से चल रहा है। यह साल 2025 तक पूरा होने की संभावना है। इसको लेकर निर्माण कार्य में लगी संस्थाएं तेजी से काम कर रही हैं। इसी बीच खबर आई रही है। यहां राम भक्त बीते 22 जनवरी को राम मंदिर में विराजमान हुए थे। प्रभु राम के विराजमान होने को करीब एक साल पूरा होने वाला है। यह साल 2025 के फरवरी में राम भक्त प्रभु राम के साथ-साथ सप्त मंदिर के अलावा कुबेर टीले का भी दर्शन कर सकेंगे।

राम मंदिर परिसर में केवल राम भक्त हजारों की संख्या में दर्शन करते थे लेकिन अब फरवरी 2025 में राम मंदिर में सप्त मंदिर के साथ कुबेर टीले का भी दर्शन कर सकेंगे। वह परिसर में बन रहे। हर एक मंदिर का दर्शन पूजन कर सके। उनकी मनसा अनुरूप राम मंदिर ट्रस्ट ने एक बड़ा फैसला राम भक्तों के हित में लिया है। अयोध्या पहुंचे भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने बताया कि राम मंदिर परिसर में बनने वाले सप्त मंदिरों का निर्माण भी 2025 के फरवरी में पूरा हो जाएगा। इसके बाद राम भक्त राम मंदिर के साथ-साथ सप्त मंदिर के भी दर्शन कर सकेंगे। कुबेर टीले पर स्थित जटायु के दर्शन भी राम भक्त फरवरी में कर सकेंगे।

## संपादकीय

# जनसंख्या का गणित

देश में विभिन्न दलों के राजनेता और धार्मिक नेता अपने तात्कालिक हितों की पूर्ति हेतु अपने लक्षित समूहों की आबादी बढ़ाने की जरूरत बताते रहे हैं। आबादी के बोझ से चरमराती नागरिक सेवाओं और सीमित संसाधनों के बीच आबादी बढ़ाने का आह्वान करना तार्किक दृष्टि से गले नहीं उतरता। लेकिन इसके बावजूद धार्मिक व सांप्रदायिक समूह के अगुआ आबादी बढ़ाने का आह्वान करते नजर आते हैं। इस विवादास्पद मुद्दे की हालिया चर्चा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के कारण फिर सुर्खियों में है। उनका कहना है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। उन्होंने एक तस्वीर उकेरते हुए कहा है कि जिस समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे चली जाएगी, कालांतर उस समाज को एक चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उनकी दलील है कि बहुसंख्यक समाज को हम दो, हमारे तीन के समाधान पर अमल करना चाहिए। यानी प्रत्येक जोड़े को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने एक समुदाय विशेष को इंगित करते हुए चिंता जतायी थी कि अधिक आबादी वाला समुदाय जनसंख्या संतुलन के लिये चुनौती पेश कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस विवादास्पद भाषण के कुछ सप्ताह के बाद प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के निष्कर्ष में इस बात को लेकर चिंता जतायी गई थी कि 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक समाज की आबादी में 7.82 फीसदी की कमी आई है। वहीं देश के मुख्य अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी में 43 फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, इन्हीं आंकड़ों के जरिये भविष्य में बहुसंख्यक समाज के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के रूप में पेश किया जाता है। दरअसल, राजनीतिक नेतृत्व व धार्मिक संगठनों के नेताओं द्वारा अपनी सुविधा की जनसंख्या नीति को लेकर जो दलीलें दी जा रही हैं, वे एक अर्थशास्त्री द्वारा लक्षित जनसंख्या की संकल्पना दृष्टि के मद्देनजर विरोधाभासी कही जा सकती हैं।

वहीं दूसरी ओर देश के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने में छोटे परिवार मददगार साबित हो सकते हैं। निश्चित रूप से जनसंख्या से जुड़ी विरोधाभासी दलीलों की तार्किकता तलाश पाना एक कठिन कार्य रहा है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि देश में परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक के प्रयोग में वृद्धि के कारण प्रजनन दर में काफी गिरावट आई है। वहीं ऐसे ही तात्कालिक कारणों तथा राजनीतिक लक्ष्यों ने आंध्र प्रदेश में टीडीपी सरकार को दो संतानों की नीति को खत्म करने के लिये प्रेरित किया है। ऐसी ही जनसंख्या नीति में बदलाव के लिये तमिलनाडु सरकार की तरफ से विरोधाभासी बयान विगत में सोशल मीडिया पर खूब चर्चा का विषय बने हैं। ऐसे हालात में विभिन्न राज्यों में सरकारों को चाहिए कि वे जनसंख्या नीति पर बयानबाजी करने से पहले उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन करें। वे विचार करें कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन की चुनौती के बीच क्या वे अतिरिक्त जनसंख्या के बोझ को संभाल पाने में सक्षम हो सकते हैं? निस्संदेह, राजनीतिक और धार्मिक लक्ष्यों के लिये संख्या का खेल खेलने वाले नेताओं को सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना भले ही सफलता का शार्टकट लगता हो, लेकिन उन्हें भारत की दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिये ऐसे प्रयासों के निहितार्थों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## (चिंतन-मनन)

### ज्ञान के रास्ते पर

गौतम बुद्ध के प्रवचन में एक व्यक्ति रोज आता था और बड़े ध्यान से उनकी बातें सुनता था। बुद्ध अपने प्रवचन में लोभ, मोह, द्वेष और अहंकार छोड़ने की बात करते थे। एक दिन वह व्यक्ति बुद्ध के पास आकर बोला- मैं लगभग एक महीने से आपके प्रवचन सुन रहा हूं। पर क्षमा करें, मेरे ऊपर उनका कोई असर नहीं हो रहा है। इसका कारण क्या है? क्या मुझमें कोई कमी है?

बुद्ध ने मुस्कराकर पूछा- यह बताओ, तुम कहां के रहने वाले हो?

उस व्यक्ति ने कहा- श्रावस्ती।

बुद्ध ने पूछा- श्रावस्ती यहां से कितनी दूर है?, उसने दूरी बताई।

बुद्ध ने पूछा- तुम वहां कैसे जाते हो?

व्यक्ति ने कहा- कभी घोड़े पर तो कभी बैलगाड़ी में बैठकर जाता हूं।

बुद्ध ने फिर प्रश्न किया- कितना समय लगता है?, उसने हिसाब लगाकर समय बताया।

बुद्ध ने कहा- यह बताओ क्या तुम यहां बैठे-बैठे श्रावस्ती पहुंच सकते हो व्यक्ति ने आश्चर्य से कहा- यहां बैठे-बैठे भला वहां कैसे पहुंचा जा सकता है।

# बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

**-डॉ सत्यवान सौरभ-**



ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से), संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं।

आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए 'डार्क नेट' और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है।

व्यापक विधायी नीति तीन केंद्रीय अधिनियमों में निहित है, अर्थात औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम। यह भारत में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन के लिए नोडल एजेंसी है। इसकी स्थापना 1986 में देश भर में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन प्रयासों के समन्वय के लिए की गई थी। नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में हितधारकों की बहुलता ने वास्तविक समय के आधार पर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को आवश्यक बना दिया है। गृह मंत्रालय ने जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक देश भर के हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार-स्तरीय समन्वय तंत्र का गठन किया है। शीर्ष एनसीओआरडी, कार्यकारी एनसीओआरडी, राज्य एनसीओआरडी और ज़िला कॉर्ड तंत्र के चार स्तंभ हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) नशे की लत के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्रों (आईआरसीए) के रखरखाव के लिए गैर सरकारी संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये केंद्र मादक द्रव्यों के सेवन के विकारों वाले व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करते हैं। एमओएसजेई ने 2018-2025 के लिए एनएपीडीडीआर शुरू किया। योजना का उद्देश्य बहुआयामी रणनीति के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है।

सरकार को सीमा शुल्क, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य पुलिस बलों सहित नशीली दवाओं के नियंत्रण में शामिल कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करने के लिए उपाय करने चाहिए। इसमें उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, तकनीक और संसाधन प्रदान करना शामिल हो सकता है।

गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे सामाजिक-आर्थिक कारक नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी में योगदान कर सकते हैं। इसलिए, सरकार गरीबी कम करने के उपायों, रोजगार सर्जन योजनाओं और शिक्षा तक पहुँच बढ़ाकर इन मुद्दों को सम्बोधित कर सकती है। नशीली दवाओं की मांग को कम करने के लिए समुदाय-आधारित रोकथाम कार्यक्रम, शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए एक समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें रोकथाम, शिक्षा, उपचार, नुकसान में कमी, नीति सुधार और समुदाय की भागीदारी में वृद्धि शामिल है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रभाव को कम करने के लिए सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, गैर सरकारी संगठनों और समुदाय के बीच सहयोग आवश्यक है।

# बयानवीरों के वक्तव्यों से उजागर होती मानसिकता

**-डा. रवीन्द्र अरजरिया-**

> नेशनल कान्फ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला ने तो बंगालदेश में हो रहे हिन्दुओं के उत्पीडन तक की जानकारी न होने की बात कहकर स्वयं की संवेदनशीलता पर ही प्रश्नचिन्ह अंकित कर दिया हैं। उन्होंने बंगालदेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर टिप्पणी करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि मैंने नहीं सुना, मुझे पता नहीं है। आश्चर्य होता है कि देश-दुनिया में बंगालदेश के हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की चचार्ये जोरों पर हैं तब देश में स्वयं को कद्दावर नेता मानने वाले फारुख अब्दुल्ला का गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य सामने आया है। जो व्यक्ति आतंकियों को भटका हुआ मासूम करार देता हो वह हिन्दुओं के नरसंहार पर अनभिग्यता जाहिर करके मुखौल उडा रहा है। ऐसे में उसकी पार्टी के शासनकाल में जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को पक्षपात रहित व्यवस्था मिलने की संभावना क्षीण हो जाती है।

वातावरणीय ठंडक में गर्मागर्म संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं। विकास के मुद्दों से भटक कर निजी लाभके अवसर तलाशे जाने लगे हैं। दलगत विचारधारा पर निजी महात्वाकांक्षा हावी होती जा रही है। कहीं नागरिकों के रागात्मक पक्षों को प्रभावित करने के प्रयास हो रहे हैं तो कहीं राजनैतिक गठबंधनों की एकजुटता में दरारें पैदा की जा रहीं हैं। सत्ता के गलियारे में प्रवेश पाने के लिए सिध्दान्तों को उल्टा-सीधा करने वाले दल अब नये पैतरे आजमाने में जुट गये हैं। इण्डिया गठबंधन के घटक दलों को हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावी परिणामों ने आत्म समीक्षा करने के लिए बाध्य कर दिया है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को गठबंधन का नेतृत्व स्वीकारने हेतु भूमिका लिखना शुरू कर दी थी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम है, मैंने ही इण्डिया गठबंधन का गठन किया था। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यदि अवसर दिया गया तो मैं इसका सुचारु रूप से संचालन करूंगी। यह वक्तव्य आते ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचन्द्र पवार) के मुखिया ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की मंशा का स्वागत करते हुए कहा कि ममता बनर्जी का रुख आक्रामक है। उन्होंने कई लोगों को खडा किया है। उन्हें ऐसा कहने का पूरा अधिकार है। ममता बनर्जी में इण्डिया गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता है। समाजवादी पार्टी ने भी तृणमूल कांग्रेस की मुखिया की बात का समर्थन किया। पार्टी के नेता उदयवीर सिंह ने कहा कि वे एक वरिष्ठ नेता हैं, उनके पास बहुत अनुभव है और वे सक्षम हैं। हमारी पार्टी के उनके साथ संबंध अच्छे हैं और हमें उनके नेतृत्व पर भरोसा है। जबकि राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने अपने सुप्रीमो लालू यादव को गठबंधन का नेता बनाये जाने की वकालत की। श्री तिवारी ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के असली आर्किटेक्ट तो लालू प्रसाद यादव हैं, जिनकी पहल पर ही पटना में इण्डिया गठबंधन की पहली बैठक हुई थी। इन वक्तव्य श्रंखलाओं के मध्य कांग्रेस के इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी एक बडी नेता के रूप में हैं परन्तु राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है। वहीं कांग्रेस की सांसद वर्षा गायकवाड ने कहा कि उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है, हम तो कांग्रेस के कहने पर चलते हैं। वास्तविकता तो यहा कि भाजपा का मुकाबला करने के लिए दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने इण्डिया गठबंधन तैयार किया था किन्तु हाल में सम्पन्न हुए चुनावों के परिणामों से लेकर नेताओं की अपनी महात्वाकांक्षाओं तक के समुच्चय ने इसमें दरार डालना शुरू कर दिया है। राजनैतिक गलियारे में ममता के बयान से पिघलते राजनैतिक लावे को ठंडा करने की गरज से एक दिन बाद ही तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुनाल घोष ने अपनी नेता के बयान को तोडमरोड कर पेश करने का आरोप लगाते हुए एक बार फिर मीडिया को कटघरे में खडा कर दिया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी का फोकस पूरी तरह से पश्चिम बंगाल के विकास और जनता के कल्याण पर है अगर इण्डिया गठबंधन उनसे नेतृत्व की मांग करता है, तो वह कोलकता से ही नेतृत्व करेंगी। उन्हें दिल्ली आने की कोई जरूरत नहीं है। वाक्य संदेशों के माध्यम से चल रहे इण्डिया गठबंधन के आन्तरिक युध्द में शिवसेना (उध्दव बालासाहेब ठाकरे) ने एक अलग ही मोर्चा खोल दिया। पार्टी के एमएलसी मिलिंद नार्वेकर ने विध्वंस होती बाबरी मस्जिद की फोटो के साथ शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का वक्तव्य सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर पोस्ट किया जिसमें लिखा हुआ था कि मुझे उन लोगों पर गर्व है, जिन्होंने यह किया है। पोस्ट होते ही महाविकास अघाडी के साथ जुडी समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रमुख तथा मानखुर्द शिवाजीनगर के विधायक अबू आजमी ने कहा कि शिवसेना (उध्दव बालासाहेब ठाकरे) की तरफ से बाबरी मस्जिद को गिराये जाने के लिए लोगों को बधाई देते हुए एक अखबार में विज्ञापन दिया गया था। इतना ही नहीं उध्दव ठाकरे के सहयोगी ने मस्जिद को ढहाये जाने की तारीफ करते हुए एक्स पर पोस्ट भी किया है, यही वजह है कि समजावादी पार्टी ने महाविकास अघाडी छोडने का फैसला किया है। ज्ञातव्य हो कि महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनावों में मानखुर्द शिवाजीनगर के अलावा मुस्लिम बाहुल्य इलाके भिवंडी सीट पर भी विजय प्राप्त की थी। वर्तमान में अनेक पार्टियों की अपनी नीतियां और रीतियां गिरगिट की तरह रंग बदल रहीं हैं। अवसर की तलाश में आदर्शों की धज्जियां उडाने वाले लोगों व्दारा निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। नेशनल कान्फ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला ने तो बंगालदेश में हो रहे हिन्दुओं के उत्पीडन तक की जानकारी न होने की बात कहकर स्वयं की संवेदनशीलता पर ही प्रश्नचिन्ह अंकित कर दिया हैं। उन्होंने बंगालदेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर टिप्पणी करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि मैंने नहीं सुना, मुझे पता नहीं है। आश्चर्य होता है कि देश-दुनिया में बंगालदेश के हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की चचार्यें जोरों पर हैं तब देश में स्वयं को कद्दावर नेता मानने वाले फारुख अब्दुल्ला का गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य सामने आया है। जो व्यक्ति आतंकियों को भटका हुआ मासूम करार देता हो वह हिन्दुओं के नरसंहार पर अनभिग्यता जाहिर करके मुखौल उडा रहा है। ऐसे में उसकी पार्टी के शासनकाल में जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को पक्षपात रहित व्यवस्था मिलने की संभावना क्षीण हो जाती है। कुल मिलाकर बयानवीरों के वक्तव्यों से उजागर होती मानसिकता को सुखद कदापि नहीं कहा जा सकता। सिध्दान्तों की अडिगता से कोसों दूर पहुंच चुके राजनैतिक दलों ने स्वार्थपूर्ति के परिणाम प्राप्त न होने पर नये स्वरूप को स्वीकारना शुरू कर दिया है जिसमें जातिवाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद और अहंकारवाद नामक पांचों तत्व मौजूद है। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# बांग्लादेश की धरती पर भारत के खिलाफ साजिशें

**-प्रियंका सौरभ-**




बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ चल रही हिंसा के खिलाफ वैश्विक स्तर पर चिंता की लहर बढ़ती जा रही है। ब्रिटेन की संसद तक में यह मुद्दा उठ चुका है। अब अमेरिका में भी इसके खिलाफ राष्ट्रपति भवन यानी व्हाइट हाउस के करीब बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी की जा रही है। इसके बावजूद बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार कट्टरपंथियों से लेकर चीन-पाकिस्तान तक के दबाव में अपना भारत विरोधी एजेंडा छोड़ने को तैयार नहीं है। अब यूनुस सरकार ने एक और ऐसा कदम उठाया है, जिससे भारत को बड़ा झटका लगने जा रहा है। यूनुस सरकार ने शेख हसीना के कार्यकाल में भारत के साथ किए गए मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़े एक समझौते को रद्द कर दिया है। इस समझौते से भारत अपने नॉर्थईस्ट राज्यों में इंटरनेट की स्पीड और कवरज बढ़ाने की जुगत भिड़ा रहा था, लेकिन अब यह उम्मीद टूट गई है। बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिरों पर हमलों के बीच ऐसी खबरें भी सामने आ रही हैं कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई बांग्लादेश में मौजूद रोहिंग्या शरणार्थियों में से भारत के खिलाफ आतंकी तैयार करने में जुटी हुई है। बांग्लादेश में हिंदुओं की एथेनिक क्लींजिंग चल रही है। 53 साल बाद पाकिस्तान बांग्लादेश को हथियार भेज रहा है। खालिदा ज़िया और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच मुलाकातें भी हो रही हैं। बांग्लादेश में वही हो रहा है जो पहले बाबर ने किया फिर कश्मीर में हिंदुओं के साथ हुआ। दरअसल पाकिस्तान बांग्लादेश का इस्तेमाल करते हुए भारत को टारगेट कर रहा है। वह भी 3 तरफ से। पाकिस्तान का पहला शिकार बांग्लादेशी हिंदू, जिनपर इतने अत्याचार हो रहे है कि हर परिभाषा छोटी पड़ जाए. दूसरा हिस्सा है बांग्लादेशी फौज को मदद, जिसके जरिए पाकिस्तान भारत के खिलाफ एक और मोर्चा खोलना चाहता है और तीसरा भारतीय सामानों का बहिष्कार...ताकि भारत को आर्थिक चोट पहुँचे। बांग्लादेश ने कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और त्रिपुरा (अगरतला) में अपने शीर्ष राजनयिकों को 'परामर्श' के लिए वापस बुलाया है। वहीं बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की फोटो नोटों से भी हटा दी गई है। भारत के नॉर्थ-ईस्ट इलाके के कई राज्यों में मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी बहुत अच्छी नहीं है। इसी कारण भारत ने बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के दौरान एक समझौता किया था। इस समझौते के तहत बांग्लादेश का उपयोग रीजनल डिजिटल हब के तौर पर किया जाना था, जिसमें बांग्लादेशी सीमा पर इंटरनेट सर्किट स्थापित कर नॉर्थ ईस्ट राज्यों में डेटा ट्रांसमिशन के लिए 'बैंडविड्थ ट्रांजिट' सुविधा देनी थी। यह काम भारती एयरटेल को बांग्लादेशी कंपनियाँ समीट कम्युनिकेशंस और फाइबर एट होम के साथ मिलकर करना था। यह प्रस्ताव इन कंपनियों ने बांग्लादेश टेलीकम्युनिकेशन रेगुलेटरी कमीशन के सामने पेश किया गया था, जिसे सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई थी। यूनुस सरकार ने अब इस समझौते की सैद्धांतिक मंजूरी खत्म कर दी है। इसे रद्द करने का आदेश जारी करते हुए इससे बांग्लादेश को कोई आर्थिक लाभ नहीं होने का तर्क दिया है। हालांकि यह फैसला केवल भारत विरोधी नहीं है। दरअसल इस ट्रांजिट लिंक को तैयार करने के लिए एयरटेल के साथ जुड़ी कंपनी समीट कम्युनिकेशंस के चेयरमैन मोहम्मद फारिद खान का शेख हसीना की अवामी लीग से भी नाता है। वे अवामी लीग के सांसद फरीक खान के छोटे भाई हैं। यह भी यूनुस सरकार के फैसले का कारण माना जा रहा है।

बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की भीड़ ने एक बार फिर इस्कॉन मंदिर को निशाना बनाया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने बताया कि ढाका के नमहट्टा स्थित इस्कॉन मंदिर में चरमपंथियों की भीड़ ने हमला किया है। उन्होंने कहा कि नमहट्टा के मंदिर में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात चरमपंथी मुस्लिमों ने हमला करने के बाद सारी मूर्तियों पर तेल छिड़ककर आग लगा दी है। पूरा मंदिर जला दिया गया है। ये मंदिर ढाका जिले के तुराग पुलिस थाने के अंतर्गत धौर गाँव में स्थित है। वैष्णव संप्रदाय से जुड़े लोगों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। इस्कॉन इन घटनाओं की जानकारी लगातार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को दे रहा है, लेकिन पुलिस-प्रशासन इन्हें नहीं रोक रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ अमेरिका में भी चिंता जताई गई है। भारतीय मूल के अमेरिकियों ने इसके खिलाफ वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस के करीब और शिकागो में अगले दो दिन के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित करने का ऐलान किया है। यह प्रोटेस्ट मार्च हिंदू एक्शन संगठन की तरफ से व्हाइट हाउस के पास 'बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार' नाम से सोमवार को आयोजित होगा, जबकि रविवार को शिकागो में 'नरसंहार रोकें: बांग्लादेश में हिंदुओं की जान बचाएं' के नाम से किया जाएगा। इनमें अमेरिका के नामी-गिरामी भारतीय लीडर मौजूद रहेंगे। बांग्लादेश की धरती पर कट्टरपंथियों के दबाव में फंसी मुहम्मद यूनुस सरकार ने अब पाकिस्तान को खुलकर मनमानी करने की छूट दे दी है। इससे वहाँ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी एक्टिव हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में पाकिस्तान रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी बना रहा है। इन रोहिंग्या आतंकियों को भारत में हमले करने के लिए तैयार किया जा रहा है। आज से 53 साल पहले लाखों बांग्लादेशियों ने...पाकिस्तान के क्रूर शासन से आजादी के लिए कुबार्नी दी थी। लेकिन वह कुर्बानियाँ अब कब्र में दफ्न कर दी गई हैं...और बांग्लादेशी कट्टरपंथी पाकिस्तान को अपना रहनुमा मानने लगे हैं। बांग्लादेशी चिल्ला-चिल्ला कर पाकिस्तान का नाम तो ले रहे हैं। लेकिन अगर थोड़ा इतिहास पढ़ा होता तो अफगानिस्तान नजर आता, जहाँ पाकिस्तान ने दखल दी। तालिबान खड़ा किया और अफगानिस्तान को बर्बाद कर दिया। अगर बांग्लादेश अब भी इस साज़िश को नहीं समझ पाया...तो शायद बांग्लादेश को दूसरा अफगानिस्तान कहा जाएगा।

# भगवानपुर नगरपंचायत स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार** ,2024 आज समय साँय 4 बजे जिलाधिकारी कमेंद्र सिंह ने द्वारा भगवानपुर नगरपंचायत स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। रैन बसेरे के स्थलीय निरीक्षण के दौरान 10 बैड़ रजाई, गद्दा और चादर मौजूद थे। सिर्फ सफाई व्यवस्था की आवश्यकता है, रैन बसेरों में नलो में पानी भी आ रहा था। लाइट व्यवस्था भी सही थी। निरीक्षण के दौरान रेन बसेरे के जिस हाल को इस्तेमाल किया जा रहा था उसके मुख्य दरवाजे नही थे और ना ही खिड़कियों में जली थी ।जिलाधिकारी कर्मेद्र सिंह नेईओ भगवानपुर को रैन बसेरे में व्यवस्था को सही करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के समय ईओ भगवानपुर, तहसीलदार भगवानपुर उपस्थित थे । जिलाधिकारी कमेन्द्र सिंह के निदेर्शों के क्रम में जनपद हरिद्वार में नगर पालिका ,नगर पंचायत ओर नगर परिसद के अंतर्गत रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया । उप जिलाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान रेन बसेरे में रुके हुए व्यक्तियों से रजाई, गद्दा, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था व अन्य मूल भूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा वहॉ पर रूके हुए आगंतुको ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया ने निरंतर साफ सफाई करने तथा रजाई बिस्तर को भी साफ रखने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी ने अवगत कराया कि अलकनंदा घाट पर स्थित रैन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण किया गया और बताया गया कि रैन बसेरे में 26 बिस्तर बेड सहित तथा 24 गद्दे अतिरिक्त पाए गये हैं तथा साफ सफाई दुरूस्त पाई गई है, रैन बसेरे में शौचालय है लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं है रैन बसेरे में हीटर उपलब्ध नहीं है, सुलभ शौचालय 100 मीटर की दूरी पर है। अपर जिलाधिकारी पी.एल शाह द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम हरिद्वार में संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 34 बैड बिस्तर सहित उपलब्ध हैं, लेकिन तकिए उपलब्ध नहीं हैं। 03 हीटर लगे हैं 02 अतिरिक्त हीटर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गये हैं। रैन बसेरे की बिलडिंग के साथ ही नगर निगम हरिद्वार द्वारा संचालित सार्वतनिक शौचालय का निर्माण किया गया है जिसमें रैन बसेरे में ठहरने वाले लोगों की निशुल्क व्यवस्था है। पेय जल के लिए आर.ओ लगाने के निर्देश दिए गये है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त एवं प्रबंधक को समुचित व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश दिए गये हैं साथ में तहसीलदार प्रियंका रानी, प्रभारी सहायक नगर आयुक्त श्याम सुदंर दास उपस्थित थे।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, रूड़की आशीष मिश्रा ने अवगत कराया कि रैन बसेरा निरीक्षण रिपोर्ट में शौचालय साफ है लेकिन रहने की जगह से दूर है, कबंल पतला है, कठोर सर्दियों के लिए उपयुक्त नहीं है, पानी की सुविधा की कमी है, आग बुझाने के उपकरण नहीं है, रहने वाले लोगों का रिकार्ड नहीं है, सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। 20 बेड का कम्यूनिटी हॉल है 01 कक्ष में 05 बेड महिला हेतु तथा 01 कक्ष में 06 बेड अतिरिक्त हैं। डिप्टी कलेक्टर रूड़की प्रेमलाल ने अवगत कराया कि पाडली गुर्जर, नगर पंचायत रामपुर तथा ढ़ण्ढेरा में रैन बसेरा अवस्थित नहीं पाया गया। उप जिलाधिकारी लक्सर गोपाल सिंह चैहान द्वारा अवगत कराया गया कि नगर पालिका लक्सर में स्थित रैन बसेरे में 50 बैड की क्षमता है पर मौके पर 20 बैड पाए गये, रैन बसेरे में शौचालय की साफ सफाई एवं पानी की व्यवस्था ठीक नहीं पाई गई। नगर पंचायत सुलतानपुर आदमपुर में रैन बसेरे में 10 बैड की क्षमता है पर मौके पर 02 गददे तथा 02 रजाई पाई गई शौचालय की साफ सफाई एवं पानी की व्यवस्था ठीक नहीं पाई गई। नगर पालिका परिषद लक्सर तथा नगर पंचायत सुल्तानपुर के अधिशासी अधिकारी को रैन बसेरो की साफ सफाई, बिजली, पानी बैडो की क्षमता के अनुरूप व्यवस्था करने के निर्देश दिए गये है। जिलाधिकारी के मौखिक निदेशों के क्रम में सभी रैन बसेरे संचालको का निर्देशित किया गया कि आगंतुक रजिस्टर में व्यक्ति के आगमन तथा छोड़ने का समय अंकित करने के साथ ही हस्ताक्षर भी अवश्य कराए जाएं। उन्होंने रैन बसेरे में आने वाले व्यक्तियों का रजिस्टर मेंटेन करते हुए उसका अंकन करने व फीडबैक दर्ज करने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण टीम में एस डी एम युक्ता मिश्रा सहित तहसीलदार लक्सर प्रताप सिंह चौहान तहसीलदार भगवानपुर दयाराम तहसीलदार रुड़की विकास अवस्थी उपस्थित थे



## पीड़ित महिलाओं ने पुलिस एवं तहसील प्रशासन के कर्मचारियों के खिलाफ 47 वे दिन भी धरने पर बैठी



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** तहसील एवं पुलिस प्रशासन के कर्मचारियों के द्वारा किए गए घोर उत्पीड़न के खिलाफ हरिद्वार के ग्राम जगजीतपुर के अंबेडकर भवन में पीड़ित महिलाओं ने पुलिस एवं तहसील प्रशासन के कर्मचारियों के खिलाफ 47 वे दिन भी धरने पर बैठी रही। हरिद्वार बार संघ के संगठन सचिव अधिवक्ता लिपिक जोनी अंबेडकर , बीएमपी के राष्ट्रीय संगठन सचिव संजय कुमार मूल निवासी , बहुजन क्रांति मोर्चा के प्रदेश संयोजक भंवर सिंह, सहयोगी पूर्ण कालिक प्रचारक डॉक्टर अशोक कुमार, राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के जिला हरिद्वार के जिला कोषाध्यक्ष सत्यपाल, वयोवृद्ध कुंदन, बिजेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, ज्ञानचंद, संजीव बाबा, शुभम,परशुराम, सकटुराम, आदि ने धरने पर बैठी कुमारी प्रमिला, विद्या , सुखबीरी, कलावती, सीतो, ममता, वंशिका,मैना, मांगी, मूर्ति आदि को तन मन धन से सहयोग करने का समर्थन दिया।

## हरिद्वार पुलिस ने शान्ति भंग में 05व्यक्तियो को किया गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

कोतवाली नगर पर सूचना मिली की रोडवेज बस अड्डा गेट नम्बर 04 पर दो पक्षो में लडाई झगडा हो रहा हैं इस सूचना पर अ0उ0नि0 दिनेश कुमार मय हमराह कर्म0गणो के मौके पर पँहुचे तो देखा की दो पक्ष आपस में सडक पर एक दूसरे के साथ मारपीट एवं मरने मारने पर उतारु हो रहे थे।

मालूमात करने पर ज्ञात हुआ कि दोनो पक्षो के बीच पानी को लेकर विवाद हो गया था इसी कारण दोनो पक्ष आपस में मरने मारने में उतारु थएंव झगडा कर रहे हैंल

अ0उ0नि0 एवं उपरोक्त हमराहीयान कर्म0गण द्वारा मौके पर काफी समझाया का प्रयास किया लेकिन उक्त दोनो पक्ष नही माने और अधिक उत्तेजित होकर दोनो पक्ष आपस में फौजदारी पर उतारु होने लगे। जिस पर संज्ञेय अपराध घटित होने से रोके जाने एवं शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत उपरोक्त दोनों पक्षो को अन्तर्गत धारा-170/126/135 इठरर में गिरफ्तार करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई '

गिरफ्तार व्यक्तियो के नाम व पता-

पार्टी प्रथम

1अर्जुन सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह निवासी ग्राम लपराना थाना झिंझाना जिला शामली उत्तर प्रदेश -35 वर्ष,

2-बिट्टू सैनी पुत्र जयपाल सिंह उपरोक्त उम्र 27 वर्ष

पार्टी द्वितीय

1-आकाश कुमार पुत्र जयपाल निवासी मोहल्ला घोसीपरी कांठ थाना कांड जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश हाल निवासी झंडा ग्राउंड ऋषिकुल कोतवासी नगर हरिद्वार उम्र-20 वर्ष

2-धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री जयपाल सिंह निवासी उपरोक्त उम्र 28 वर्ष

3-अजय पुत्र जयपाल सिंह निवासी उपरोक्त उम्र 32 वर्ष

पुलिस टीम-

1-अ0उ0नि0 दिनेश कुमार

2-कानि0 1025 नापु राजेश डोभाल

3-कानि01299 नापु अनिल सिंह

## हरिद्वार पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही से अवैध शराब तस्करो में खौफ



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार रानीपुर पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब बिक्री/तस्करी करने वालों के विरूद्ध ताबडतोड कार्यवाही कर अवैध शराब तस्करो को जेल भेजा जा रहा है।

इसी क्रम में रानीपुर पुलिस द्वारा दिनांक 07.12.24 को अवैध शराब बिक्री/तस्करी के विरूद्ध छापेमारी की कार्यवाही करते हुये सेक्टर-3 गैस गोदाम के पास से आरोपी राजेश कर्णवाल पुत्र स्व0 राधेश्याम नि0 गली नं0 19 टिहरी विस्थापित कालोनी रानीपुर हरिद्वार को पकड़ कर कुल 40 पव्वे देशी शराब अंगूर मार्का की बरामदगी गयी।

आरोपी राजेश कर्णवाल उपरोक्त के विरूद्ध थाने पर आब0 अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया।

नाम पता आरोपी-

1- राजेश कर्णवाल पुत्र स्व0 राधेश्याम नि0 गली नं0 19 टिहरी विस्थापित कालोनी रानीपुर हरिद्वार।

बरामदगी-

कुल 40 पव्वे देशी शराब माल्टा मार्का

पुलिस टीम-

1.कां0 1386 अजीत राज,

2.कां0 678 रविन्द्र बिष्ट,

# छाने लगा है घना कोहरा, बिना फॉग लाइट्स की दौड़ रहीं रोडवेज बसें

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तराखंड : सर्दी की चपेट में आकर मौसम ने अपना मिजाज बदल लिया है। सड़कों पर घना कोहरा छाने लगा है। सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी उपायों में से एक फॉग लाइट्स अब भी रामनगर डिपो की बसों में पूरी तरह से लागू नहीं हो पाई हैं। जबकि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यह लाइट्स बेहद जरूरी हैं। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते मुसाफिरों के लिए सर्दी के मौसम में सफर जोखिमभरा हो गया है।

**कोहरे में बिना फॉग लाइट्स की दौड़ रहीं रोडवेज बसें**



सर्दियों के मौसम में कोहरे के चलते सड़कों पर दृश्यता का स्तर गिर जाता है। ऐसे में रोडवेज बसों में फॉग लाइट्स का होना जरूरी है ताकि यात्रा करते हुए मुसाफिरों और ड्राइवरों को सही मार्ग दिख सके। लेकिन रामनगर डिपो की बसों में स्थिति अलग है। कई बसों में फॉग लाइट्स तो लगी हैं लेकिन वो जल नहीं रही हैं। जिस कारण यात्रियों को परेशनियों का सामना करना पड़ रहा है।

**फॉग लाइट ना होने से ड्राइवर भी परेशान**

रामनगर डिपो में काम करने वाले बस चालकों से बात की गई तो उन्होंने लापरवाही का खुलासा किया। उनका कहना है कि बसों में फॉग लाइट्स तो लगी हैं लेकिन फॉग लाइट के कनेक्शन नहीं हैं। इसके चलते ये लाइट्स जल नहीं पा रही हैं। चालक भी इस स्थिति से परेशान हैं क्योंकि कोहरे में चलना उनके लिए भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

**अधिकारी कर रहे व्यवस्थाएं दुरुस्त होने की बात**

हालांकि जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्थाएं दुरुस्त होने की बात कर रहे हैं। इसके साथ ही ये दावा भी कर रहे हैं कि जल्द ही सभी बसों में फॉग लाइट्स लगाई जाएंगी। लेकिन सवाल अभी भी यही है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण कब तक यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# जल जीवन मिशन योजना के तहत विकास भवन के सभागार में देर सायं जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार**, जल जीवन मिशन योजना के तहत विकास भवन के सभागार में देर सायं जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में मुख्य समस्या पानी के पाईप लाइन में लीकेज, खोदी गई सड़कें की मरम्मत, पानी की गुणवत्ता से सम्बंधित थी। क्षेत्रीय विधायक भगवानपुर ममता राकेश ने भगवानपुर ब्लॉक में होने वाले कार्यों की गुणवत्ता और जलापूर्ति के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत न करने पर नाराजगी की जताई। उन्होंने खेलपुर गांव में 5.30 किलोमीटर की सड़क डैमेज हुई जो अभी तक रिपेयर नहीं की गई है, इमलीखेड़ा गांव में टैंक बंद पड़ा है, रायपुर गांव के हर मोहल्ले में पानी की लीकेज है। विधायक पिरान कलियर फुरकान अहमद ने अपने विधानसभा क्षेत्र में भी खोदी गई सड़क ओर जगह जगह टूटी पाइपलाइन को लेकर शिकायत की। झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती ने अपनी विधानसभा में क्षतिग्रस्त रोड की समस्या बताई है साथ ही कई क्षेत्रों में पाइप लाइन नहीं डाली गई है, कुछ क्षेत्रों में एक साल से सिर्फ पाइप लाइन डालकर छोड़ दी गई है। ज्वालापुर विधायक इंजीनियर रवि बहादुर ने सुभाषगढ़ में नवनिर्मित टंकी के गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई।

जल संस्थान के ईई से जानकारी ली जो पाइप डाले जा रहे हैं उसकी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाएं, साथ ही नई पाइप लाइन बार-बार लीकेज क्यों हो रही है इसका जवाब मांगा। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने जगजीतपुर एवं रावली महदूद में जल संस्थान के प्रति लोगों में बहुत नाराजगी है, और पानी




के बल्ब 90 प्रतिशत खराब है साथ ही जगजीतपुर में कैंप लगाया जाए जिससे लोग अपनी शिकायतें दर्ज कर सके, औरंगाबाद के यूनियन स्कूल के बच्चे सड़क खुदी होने के कारण स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, 02 साल पहले जलापूर्ति के लिए सड़क को खोदी गई थी जो अभी तक क्षतिग्रस्त हालत में है, जल निगम के अधिकारी बहुत लापरवाही से काम कर रहे हैं जिसको लेकर सभी विधायकों में नाराजगी है।

एग्जीक्यूटिव इंजीनियर भी विजिट करें और क्वालिटी भी थर्ड पार्टी से चेक कराए। हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने अपने विधानसभा क्षेत्र कतारपुर में कुछ जगह पानी की सप्लाई काफी कम है, नई एवं पुरानी लाइन आपस में जोड़ दी गई है, और पदार्था क्षेत्र में ट्यूबवेल के लिए पूरा गांव को खोद दिया है जिसमें सिर्फ मिट्टी भर गई है कर छोड़ दी गई है, आमजन को बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा है। और गंदे पानी की शिकायत आ रही है और कुछ जगह पानी में कीड़े भी निकल रहे हैं जिसकी तुरंत जांच कराई जाए और सैंपल लेकर टेस्ट के लिए भेजा जाए। टाटवाला गांव में पाइपलाइन नहीं डाली गई है, निरीक्षण कर ये काम भी प्राथमिकता में किया जाए।

जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस भी गांव की जो समस्या आई है उनमें निर्धारित समय पर ही कार्य पूर्ण हो, जो भी अधिकारी कार्यों तय सीमा के अन्तर्गत करने के निर्देश दिए, ओर जो भी कंप्लेंट लिखित में और मौखिक रूप में आई है वह पूर्ण कर के भेंज, जो भी कार्य पूर्ण नहीं कर पाया वह कारण स्पष्ट करें, की कार्य क्यों नहीं पूर्ण हुए उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा कमियां लीकेज में पाई गई है इसमें तकनीकि कमी क्या है , लीकेज क्यों हो रही है और जो मेन रोड है उसे पर तो मरम्मत कर रही हैं लेकिन जो छोटी गलियां है जिससे आमजन निकलते हैं उसकी मरम्मत नहीं हो पा रही है जो क्षतिग्रस्त रोड और बुजुर्ग ओर बच्चों को बहुत दिक्कत होती है आने-जाने में सड़कों की मरम्मत करते समय सावधानी बरतें कि वह समतल रहे जिस कारण से आने-जाने में कोई परेशानी ना हो, बार-बार लोगों से शिकायतें आ रही हैं टोटी (नल) नहीं लगाई,हमने खुद खरीद के लगाई है, जब भी बाहर टोटी लगाई तो घर के मुखिया से रिसीव करा ले अथवा फोटो खींच लें या फिर रसीद दें। उन्होंने कहा कि अगर पब्लिक हमारे काम से संतुष्ट नहीं है तो हमारा ऑफिस में बैठना व्यर्थ है, यह केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसे हर हाल में बेहतर तरीके से पूर्ण करना है पर यह हमारा फर्ज है कि हम तय समय सीमा के अंदर बेहतर गुणवंता के साथ यह काम पूर्ण करें। 10 सबसे सीनियर अधिकारियों को जल सेवा मिशन के तहत जगह जगह निरीक्षण करने के लिए भेजा सब जगह से शिकायतें मिली है की अच्छी बात नहीं है जनता के लिए काम कर रहे हैं। समस्या आ रही है तो समाधान भी आपको करना है, जो अधिकारी लापरवाही करता है तो है उस पर कार्रवाई भी की जाएगी।

बैठक में विधायक झबरेडा वीरेंद्र जाति, विधायक हरिद्वार ग्रामीण अनुपमा रावत,विधायक रानीपुर आदेश चौहान,विधायक ज्वालापुर रवि बहादुर, विधायक भगवानपुर ममता राकेश, विधायक पीरान कलियर फुरकान अहमद, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, सहित जलसंस्थान के एई, बिजली विभाग के जेई एवं पीडब्लूडी के एई सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## लक्सर वन क्षेत्र अंतर्गत लक्सर हरिद्वार रोड पर गर्ग डिग्री कॉलेज कॉलेज के पास निकला एक विशाल का अजगर

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



लक्सर वन क्षेत्र अंतर्गत लक्सर हरिद्वार रोड पर गर्ग डिग्री कॉलेज कॉलेज के पास निकला एक विशाल का अजगर राहगीरों में वन क्षेत्र अधिकारी को देश की सूचना

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने संज्ञान लेते हुए उच्च अधिकारियों के निदेर्शानुसार टीम द्वारा उक्त स्थान के आस पास सर्च अभियान चलाया गया टीम द्वारा काफी समय पश्चात अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया तथा अजगर को पथरी जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया वन क्षेत्राधिकारी यशपाल सिंह राठौड़ सुमित कुमार सैनी वन आ-रक्षी शिवकुमार गुप्ता गुरजंट सिंह भोपाल सिंह वनकर्मी मौजूद रहे

## रुड़की रैंज की भगवानपुर वन विभाग की टीम ने भलस्वागाज गांव में प्रतिबंधित खैर से भरी गाड़ी को पक-ड़कर सीज की



मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

भगवानपुर । रुड़की रैंज की भगवानपुर वन विभाग की टीम ने भलस्वागाज गांव में प्रतिबंधित खैर से भरी गाड़ी को पकड़कर सीज कर दी। जबकि चालक मौके से फरार हो गया। रविवार को भगवानपुर सेक्सन अधिकारी नरेंद्र सैनी को सूचना मिली कि एक गाड़ी में खैर की प्रतिबंधित लकड़ी से भरी आ रही है। उन्होंने बीट अधिकारी दिनेश कुमार, हेंमत कुमार, सतवीर, सुशील के साथ चैकिंग शुरू कर दी। लकड़ी को ठिकाने लगाने के फिराक में आरोपी पिकअप से कहीं जा रहा था, तभी वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर दी। टीम को देखकर चालक भाग निकला। वन विभाग की टीम ने लकड़ी से भरी गाड़ी कब्जे में लेकर सीज कर दी। भगवानपुर सेक्सन अधिकारी नरेंद्र सैनी ने बताया कि वृक्ष संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## बेटे ने मां की गला दबाकर कर दी हत्या , मच गया हड़कंप

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**अल्मोड़ाः** दन्या थाना क्षेत्र की नैनोली ग्राम पंचायत में एक बेटे ने अपनी ही मां की गला दबाकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद से गांव में सनसनी मच गई है। वारदात को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

### बेटे ने मां का गला दबाकर उतारा मौत के घाट

अल्मोड़ा जिले के दन्या थाना क्षेत्र की नैनोली ग्राम पंचायत में एक बेटे ने अपनी ही मां की हत्या कर दी और फरार हो गया। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और घर को सील कर दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने जांच के लिए फारेंसिक टीम को बुलाया है। पुलिस आरोपित बेटे की तलाश में जुट गई है।

### घटना के बाद से गांव में मची सनसनी

मिली जानकारी के मुताबिक नैनोली ग्राम पंचायत के पचेल तोक निवासी लीलाधर भट्ट मजदूरी कर अपने परिवार को पालते हैं। शुक्रवार को अपने काम से दन्या बाजार गए थे। शुक्रवार रात को वो दन्या में ही रूक गए। इस दौरान घर पर उनका छोटा बेटा 28 वर्षीय गोकुल और पत्नी 62 वर्षीय पत्नी गोपुली देवी थी।

शनिवार को जब वो अपने घर पहुंचे तो देखा की उनकी पत्नी मृत पड़ी हुई है। इसकी जानकारी उन्होंने गांव वालों और पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घर को सील कर दिया है। प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला मानते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हत्या के कारणों का नहीं चल पाया पता

पुलिस ने जब हत्या के कारणों को पता लगाने की कोशिश की तो कुछ भी पता नहीं चल पाया। लेकिन जब पुलिस ने गांव वालों से पूछताछ की तो पता चला कि गोकुल थोड़ा चंचल प्रवृत्ति का है। पुलिस ने शव को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## विधायक इंजिनियर रवि बहादुर ने करीब 8 लाख से अधिक की लागत से बनने वाली सड़क का फीता काटकर किया उद्घाटन

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

विधानसभा ज्वालापुर क्षेत्र के ग्राम सहदेवपुर में जिला योजना से करीब 8 लाख से अधिक की लागत से बनने वाली सड़क का विधायक इंजिनियर रवि बहादुर ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सहदेवपुर में मुख्य मार्ग का विधायक इंजिनियर रवि बहादुर ने नारीयल फोड़ कर सड़क का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक इंजी



रवि बहादुर ने कहा की क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता में शामिल है। और विभिन्न योजनाओं से पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य प्रगति पर है। और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। और क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। जनता को मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाना उनका वायदा है। इस दौरान मंजीत प्रधान, जोनी प्रधान, नीरज चौहान, डॉ. नेपाल, डॉ. धीर सिंह सैनी, लडडी सिंह, नवदीप सिंह, प्रेम शर्मा, अवतर सिंह, बलबन्त सिंह, दलबीर सिंह, अमरजीत सिंह, जसबीर, सतनाम, हरदीप सिंह, आदि मौजूद रहे।

## सत्यापन अभियान के दौरान मकान मालिको व होटल स्वामियों के विरूद्ध किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर धारा 81 पुलिस एक्ट में 20 व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई



मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

कलियर । 25 से अधिक होटल गेस्ट हाउस व किरायेदारों,घरेलू नौकरों रेडी ठेली, बाहरी मजदूरों व बाहरी व्यक्तियों का मौके पर ही किया गया सत्यापन

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के द्वारा बाहरी व्यक्तियों, फड/ठेले लगाने वालों, किरायेदारों व घरेलू नौकरो व होटल गेस्ट हाउस का डोर टू डोर सत्यापन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश के अनुपालन में रविवार को पिरान कलियर थाना पुलिस ने अलग अलग टीमें बनाकर कलियर क्षेत्र में नई बस्ती, कलियर व मुकर्बपुर अब्दाल साहब दरगाह के पास गेस्ट हाउस किराएदार कस्बे के आस पास आदि जगहों पर किरायेदारों एवं होटल गेस्ट हाउस के सत्यापन हेतु संघन अभियान चलाया गया। इस दौरान फाइलों में सभी स्थानीय व्यक्तियों को किरायेदारों का सत्यापन न कराने पर मकान मालिकोंए के विरुद्ध भविष्य में भी कार्रवाई की हिदायद दी गयी।

## अवैध तमंचे से फायर कर लोगों में दहशत पैदा करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया




मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

लक्सर क्षेत्र में अवैध तमंचे से फायर कर लोगों में दहशत पैदा करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उससे एक अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया की 6 अक्टूबर 2024 को मनीष पुत्र मैनपाल निवासी ग्राम सेठपुर लक्सर द्वारा बस अड्डे लक्सर के पास दिनदहाड़े अपने ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर करने के संबंध में अपने उपर फायर करने का प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया था। जिस पर लक्सर पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए मुकदमा उपरोक्त में संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया था। जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए 7 दिसंबर 2024 को एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विशाल उर्फ काली पुत्र साधु उर्फ सेठपाल निवासी ग्राम खेड़ी कला थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 18 वर्ष बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला, कांस्टेबल जगत सिंह, कपिल देव, शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर दिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार धन सिंह रावत का कांग्रेसियों द्वारा पुतला फूंका गया

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

लक्सर शुगर फैक्ट्री के गेट पर कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार धन सिंह रावत का कांग्रेसियों द्वारा पुतला फूंका गया है कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रथम सिंह एक बहुत ही सुलझे हुए विधायक हैं जो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं उन्होंने कहा जिस तरह से उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने उनके खिलाफ टिप्पणी की है यह बहुत ही गलत है उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के बयान बाजी टिप्पणी करने वाले कैबिनेट मंत्री को सरकार से तुरंत ही हटाया जाए उन्होंने यह भी कहा कि अगर अभी भी स-रकार नहीं जागी तो हमें सड़कों पर आना पड़ेगा क्योंकि कुछ भाजपा के विधायक सोची समझी राजनीति के तहत गलत टिप्पणी करते रहते हैं। जिससे विकास से ध्यान हटाया जा सके, वहां पर जो मुख्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे उनमें धर्मपाल सिंह, संदीप चौधरी,वर्तमान जिलापंचायत सदस्य संजय सैनी एडवोकेट, पूर्व चेयरमैन जगदेव सिंह, गुफरान अंसारी, फिरोज सिद्दीकी, ताहिर हसन, पूर्व जिला पंचायत मेंबर अदनान नवाज खान, पूर्व




जिला पंचायत मेंबर सनव्वर अली, फैयाज अहमद, डॉ ओमवीर सैनी, मुकेश सैनी, सुनील कुमार, राहुल वाल्मीकि, यशपाल सिंह चौधरी, अजीत सिंह, राजकुमार चौहान, वसीम अहमद, पूर्व सभासद शमशाद अली, फुरकान अली, संजय करनवाल, लाला ईश्वर चंद, सुरेंद्र कुमार, अमरजीत सिंह, आदि दर्जनों कांग्रेस के मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे सत्यापन अभियान से अवैध रूप से रह रहे लोगों में मची खलबली

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

लक्सर क्षेत्र में पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे सत्यापन अभियान से अवैध रूप से रह रहे लोगों में खलबली मच गई है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया की एसएसपी हरिद्वार द्वारा निर्देशित किया गया था कि बाहरी व्यक्तियों होटल ढाबो रेडी फेरी वालों का सत्यापन किया जाए, इसी क्रम में पुलिस टीम बनाई गई, पुलिस टीम के द्वारा कस्बा लक्सर बाजार, भिक्कमपुर, रायसी, क्षेत्र में लक्सर पुलिस द्वारा बिना सत्यापन किराए पर रखने वाले मकान मालिक को वह होटल ढाबो बाहरी व्यक्तियों फड फेरी व चरखी वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया अभियान चलाकर लक्सर पुलिस द्वारा 91 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया 9 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्यवाही भी की गई है। जिनसे 2250 रुपए संयोजन शुल्क वसूला गया है। उन्होंने यह भी कहा कि लक्सर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले या किराए पर रखने वाले सभी का सत्यापन करायें, अगर कोई व्यक्ति बगैर सत्यापन के अपने घर किराएदार रखेगा तो उसके खिलाफ नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा जिला कार्यालय पर निकाय चुनाव को लेकर नवनियुक्त चुनाव प्रभारियों का हुआ स्वागत

### प्रत्यशी की जीत के लिए कार्यकताओं में भरा जोश

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

रुड़की ।भाजपा जिला कार्यालय रुड़की पर निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रभारी ने पार्टी कार्यकताओं को आवश्यक निर्देश दिए,हालांकि अभी निकाय चुनाव की घोषणा नहीं हुई है,किंतु भाजपा संगठन द्वारा प्रत्येक निकाय क्षेत्रों में चुनाव प्रभारियों की घोषणा कर पार्टी कार्यकताओं में जोश भरा है ।रुड़की नगर निगम सहित अन्य नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के प्रभारी की नियुक्ति के साथ ही बनाए गए सभी प्रभारियों का भी स्वागत किया गया ।रुड़की नगर निगम चुनाव के लिए नियुक्त किए गए पार्टी के चुनाव प्रभारी के यहां पहुंचने पर गर्म जोशी से स्वागत किया गया ।भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने पार्टी कार्यकताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए कहा ।उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव एक महत्वपूर्ण चुनाव है और पार्टी कार्यकताओं को इसके लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा ।रुड़की चुनाव प्रभारी रवि मोहन अग्रवाल ने पार्टी कार्यकताओं को चुनाव के लिए रणनीति बनाने के लिए कहा ।उन्होंने कहा कि पार्टी को अपने उम्मीदवारों



का चयन करना होगा और उनके लिए चुनाव अभियान चलाना होगा ।उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी को अपने कार्यकताओं को चुनाव के लिए प्रशिक्षित करना होगा ताकि वे चुनाव में सफलता प्राप्त कर सकें ।चुनाव प्रभारी सुशील त्यागी और पवन तोमर ने पार्टी कार्यकताओं को चुनाव के लिए एकजुट रहने के लिए कहा ।चुनाव प्रभारी अमन त्यागी ने कहा कि कार्यकताओं को अपने मतभेदों को भूलकर एकजुट रहना होगा,ताकि वे चुनाव में सफलता प्राप्त कर सकें ।चुनाव प्रभारी आदेश सैनी ने कहा कि पार्टी को अपने समर्थकों को चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित करना होगा ।दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी ने पार्टी कार्यकताओं को चुनाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए ।उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को चुनाव के लिए रणनीति बनाने,एकजुट रहने और अपने समर्थकों को चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा ।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अरविंद गौतम व प्रवीण संधू ने किया ।इस अवसर पर चुनाव प्रभारीयो में सुशील चौहान,निपेंद्र चौधरी,जय भगवान सैनी,अनीश गौड,राकेश गिरी के अलावा जिला उपाध्यक्ष सूर्यवीर मलिक,सोनू धीमान राजबाला सैनी,प्रदीप पाल,सावित्री मंगला,जिला मंत्री सतीश सैनी,गीता कार्की,जिला कोषाध्यक्ष नितिन गोयल,जिला मीडिया प्रभारी पंकज नंदा,विकास प्रजापति,सुशील रावत,मंडल अध्यक्ष संजीव तोमर,संजय त्यागी,युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव कौशिक,पूर्व पार्षद राकेश गर्ग,सुबोध,मनोज कुमार,आशीष अग्रवाल,नितिन त्यागी, अंकित चौधरी,डॉ०नवनीत शर्मा,हेमा बिष्ट,वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी धीर सिंह,पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र सैनी,प्रतिभा चौहान,अफजल अली, भाजपा नेत्री रश्मि चौधरी,पूर्व पालिकाध्यक्ष पंडित दिनेश कौशिक,पूर्व प्रत्याशी राजपाल सिंह गौरव त्यागी,सुदेश चौधरी,अनुराग त्यागी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सरस्वती विद्या मंदिर के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

## बालिकाओं की शिक्षा पर जोर: ऋतु खंडूड़ी का प्रेरणादायक संबोधन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

चिन्यालीसौड़/उत्तरकाशी, 08 दिसंबर 2024 विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शक्तिपुरम चिन्यालीसौड़ के मेधावी सम्मान समारोह एवं वार्षिकोत्सव में आज मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने छात्रों को अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए संस्कारयुक्त शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के पर्याप्त अवसर देकर ही हम बेहतर समाज और सुदृढ़ भारत का निर्माण कर सकते हैं।







इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए, श्रीमती खंडूड़ी ने कहा कि बच्चों के पहले गुरु उनके माता-पिता होते हैं, जो उन्हें अच्छे संस्कार प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यालयों में सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों से परिपूर्ण शिक्षा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए और संस्कृत भाषा को सभी बच्चों को पढ़ना चाहिए। साथ ही, मातृभाषा हिंदी के विस्तार में भी सहयोग देना चाहिए। श्रीमती खंडूड़ी ने कहा कि महिलाओं को समाज में पूरा सम्मान और समुचित अवसर प्रदान करने में सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। घर में बेटा और बेटी में भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी बच्चे की प्रतिभा को उसके अंकों से नहीं बल्कि उसकी समग्र संभावनाओं के आधार पर आंका जाना चाहिए। छात्रों की प्रतिभा में सुधार एक अच्छे अध्यापक की सफलता की कसौटी है, इसलिए अध्यापकों को गुणवत्तापरक और मूल्य आधारित शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। कार्यक्रम में हाइस्कूल और इंटर की परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और नगद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा में वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र समीक्षा, आर्यन, मनीषा, आलोक, तनुजा, अवंतिका और प्रशंसा तथा हाईस्कूल परीक्षा में वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले अर्जुन, स्वाति, तनिष्का, हितेश को मेधावी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यमुनोत्री क्षेत्र के विधायक संजय डोभाल ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह छात्रों को प्रोत्साहन और प्रेरणा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिली। छात्रों ने नृत्य, संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नत्थीलाल बंगवाल ने विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

कार्यक्रम के अंत में, श्रीमती खंडूड़ी ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी देवानंद शर्मा, उपमहाप्रबंधक यूजेवीएनएल राजेश चौकसी, विद्यालय के प्रधानाचार्य नत्थीलाल बंगवाल, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पूनम रमोला, जिला उपाध्यक्ष विजय बडोनी, राम सुंदर नौटियाल, सुभाष नौटियाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बड़कोट पुलिस ने चरस के साथ 1 अभियुक्त को किया गिरफ्तार



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तरकाशी, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, दिनांक 07.12.2024 की देर रात्रि को थानाध्यक्ष बड़कोट दीपक कठैत के नेतृत्व में बड़कोट पुलिस टीम द्वारा तिलाडी बैण्ड पौन्टी पुल के पास से ममलेश रावत नाम के व्यक्ति को 219 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उक्त व्यक्ति के विरुद्ध थाना बड़कोट पर 8/20 ठउ्धर अउळ की धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही जारी है।

गिरफ्तार अभियुक्त ममलेश रावत पुत्र स्व0 विजय सिंह निवासी नाल्ड थाना बड़कोट जिला उत्तरकाशी उम्र-34 वर्ष।

बरामद मालः 219 ग्राम चरस

पुलिस टीमः

1. अपर उ0नि0 विक्रम सिंह
2. हे0कानि0 मोहन ठाकुर
3. कानि0 विशाल छाछर

इस घटना के बाद, पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की है कि वे नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि समाज को नशे के खतरे से मुक्त किया जा सके।

## उत्तरकाशी में तिलोथ विद्युत गृह परिसर में हुई चोरी प्रकरण में पुलिस ने किया एक अभियुक्ता को गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तरकाशी, 8 दिसंबर 2024 गत 5 दिसंबर 2024 को तिलोथ कॉलोनी निवासी विष्णु पाण्डे द्वारा कोतवाली उत्तरकाशी पर तिलोथ विद्युत गृह के परिसर से अठऊक्ळे उडटढअठ के स्टोर से करीब 2 लाख रु0 कीमत का सामान चोरी करने के संबंध में लिखित तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा 305(अ) इठर की धारा में अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी के संज्ञान में आते ही उनके द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उत्तरकाशी को अभियोग के सफल अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु जरूरी दिशाझनिर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उत्तरकाशी अमरजीत सिंह द्वारा टीम गठित कर घटना स्थल का निरीक्षण, आसझपास के लोगों से पूछताछ, उउळश फुटेज चैक एवं सुरागरसीझपतारसी कर साक्ष्य एकत्र किए गए। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आई एक महिला अभियुक्ता सोनी को 7 दिसंबर 2024 को इंद्रावती घाट पार्किंग जोशियाडा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया। अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है। अभियुक्ता को आज मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है,

# पंचतत्व में विलीन हुए वरिष्ठ नेता जगमोहन रावत

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उत्तरकाशी,** जनपद उत्तरकाशी के सीमांत क्षेत्र भटवाड़ी प्रखंड के पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख और वरिष्ठ नेता जगमोहन रावत के आकस्मिक निधन के बाद उनके पैतृक घाट पर आज पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। कल रात हृदय गति रुकने के कारण उनका निधन हो गया था। जैसे ही यह दुखद समाचार क्षेत्र में फैला, सुबह से ही उनके निज आवास ग्राम बारसू में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

दोपहर 12 बजे उनके पार्थिव शरीर को रथ यात्रा के माध्यम से गांव बारसू से पाला होते हुए स्वारीगाड़ स्थित पैतृक घाट तक लाया गया। इस दौरान लोगों ने जब तक सूरज चांद रहेगा, जगमोहन तेरा नाम रहेगा के नारों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके पुत्रों ने मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया।





जगमोहन रावत को अंतिम विदाई देने के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग जुटे। क्षेत्रवासियों ने कहा कि वे जनसरोकारों से जुड़े हुए एक कुशल नेता और व्यवहारकुशल व्यक्ति थे, जो सदैव लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहते थे। लोगों का यह भी कहना रहा कि वे क्षेत्र के सिरमौर थे और हर किसी के चहेते राजनेता थे। उनके जाने से क्षेत्र में एक प्रकार का शून्य पैदा हो गया है। स्वर्गीय जगमोहन रावत की स्मृतियां हमेशा क्षेत्रवासियों के दिलों में जीवित रहेंगी। उनके योगदान और सरल स्वभाव को याद करते हुए लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दुखद अवसर पर गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा, जगमोहन रावत जी का निधन हमारे लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए काम किया और उनकी कमी को पूरा करना मुश्किल होगा। पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा, जगमोहन रावत जी एक महान नेता थे, जिन्होंने हमेशा लोगों के हितों को प्राथमिकता दी। उनका निधन हमारे लिए एक बड़ी क्षति है। चिन्हित राज्य आन्दोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ विजेंद्र पोखरियाल ने कहा कि आज हमारे प्रिय साथी और जिला अध्यक्ष, जगमोहन सिंह रावत जी के निधन से हम सभी गहरे शोक में हैं। उन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा और राज्य के विकास के लिए समर्पित कर दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति उनकी निष्ठा हमेशा हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगी। इस अवसर पर गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, सूरतराम नौटियाल, डॉ विजेंद्र पोखरियाल, तेग सिंह राणा, भाजपा नेता जगमोहन रावत, घनानंद नौटियाल, राघवानंद नौटियाल, मुनेन्द्र सिंह रावत, राजकेंद्र थनवान, सहित कई जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# बाइक राइडिंग का रखते हैं शौंक तो बेस्ट हैं ये जगहें!



अगर आप भी काम करते-करते थक गए हैं और बाइंकिग का भी शौंक रखते हैं तो और किसी छोटे वेकेशन की प्लानिंग कर रहे हैं तो निकल जाएं इन शानदार सड़कों के सफर पर। जहां ऊंचे पहाड़, गहरे झरने खूबसूरत हरे-भरे जंगल आपका इंतजार कर रहे हैं। ऐसी जगह खास तौर पर उन लोगों के लिए अच्छी है जो कि बाइक राइडिंग के शौकीन हैं। यहां पर आप कुदरती नजारों, पहाड़ों, झरनों का भी मजा ले सकते हैं। आइए जानते है उन जगहों के बारे में....



### 1. लेह, लद्दाख

चारो तरफ पहाड़ों से घिरे इस रूट पर ड्राइविंग का अपना एक अलग ही मजा आता है। ऊंचे पहाड़ों के बीच से निकलता खारदूंगला रोड, जो दुनिया भर में अपनी ऊंचाई के लिए जाना जाता है पर घूमने का अलग ही मजा है। इसके अलावा यहां का मैग्नेटिक रोड खासतौर से मशहूर है। यहां पर टूरिस्ट अप्रैल से अगस्त तक बाइक राइडिंग करने के लिए आते हैं।

### 2.स्पीति वैली, हिमाचल

लद्दाख से थोड़ी ही दूर हिमाचल की स्पीति वैली हैं। बाइक से स्पीती वैली तक पहुंचने के लिए काजा, टैबो, स्पीती और पीन वैली जैसी कई खूबसूरत जगहें देखने को मिलती हैं। यहां पर सड़कों के किनारे सेब, खूबानी के पेड़ और सतलुज नदी की खूबसूरती के साथ प्राचीन मंदिरों को भी देख सकते है।

### 3.वालपराई और वाझाचल फॉरेस्ट

बाइक राइडिंग के लिए यह सबसे बेस्ट रूट है। यहां राइडिंग के दौरान घने, हरे-भरे जंगल और कई सारे छोटे-छोटे वाटर फॉल्स का नजारा देखने को मिलता है।।

### 4.गोवा, मुंबई

इंडिया के बिजनेस कैपिटल मुंबई से गोवा तक बाइक से सफर करना भी काफी मजेदार है। अमेरिका के 101 हाइवे से काफी मिलती-जुलती इस सड़क को इंडिया में बेस्ट कोस्टल राइडिंग के लिए जाना जाता है।

### 5.वेस्ट र्न/अरुणाचल प्रदेश

हिमालय की ऊंची चोटियों को राइडिंग के वक्त देखना बहुत ही अच्छा एक्सपीरिएंस होता है। हालांकि यहां सड़कों की कमी है जिसके चलते ऊंचे -नीचेपहाड़ी रास्तों से गुजरना होता है। सफर के दौरान बर्फ से ढ़की सड़कें, ट्राइबल कल्चर और उनकी अलग सी लाइफस्टाइल को कैमरे में आसानी से कैद किया जा सकता है।

### 6. जैसलमेर, जयपुर

दोनों तरफ रेगिस्तान और बीच में हाईवे का सफर में आपको राजस्थानी कल्चर देखने के कई मौके मिलते हैं। इसके साथ ही बीच-बीच में जोधपुर, ओसियां, पोकरन जैसे स्टॉपेज आते हैं जो आपकी सैर को और भी मजेदार बनाएंगे।



# खूबसूरत कुदरती नज़ारों और बीचों की सैर करनी है तो जाएं अंडमान-निकोबार



**एलीफेंट बीच अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है। छुट्टियों में परिवार के साथ यदि आप भीड़भाड़ से अलग शांति और सूकुन वाली जगह की तलाश में है तो अंडमान-निकोबार बेस्ट जगह है। खूबसूरत कुदरती नज़ारों और साफ समुद्री तटों वाले अंडमान की शांति और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है।**









### साफ-सुंदर बीच

पानी से अटखेलियां करना पसंद है तो अंडमान के बीच आपको बुला रहे हैं। यहां के साफ पानी में आप स्कूबा डाइविंग, स्विमिंग, स्कीइंग, पैरास्लाइडिंग, बनाना बोट राइड, अंडर वॉटर वॉकिंग आदि एडवेंचर गेम्स का मजा ले सकते हैं। स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र के नीचे रंग-बिरंगी मछलियों से मिलने का अनुभव यादगार बन जाएगा। यहां के बीच अपनी खूबसूरती और स्वच्छता के लिए मशहूर हैं। बीचों की सफेद और चमकीली रेत पर लेटकर जूस और कोल्ड ड्रिंक का मजा लें। क्योंकि अंडमान अपने बीचों के लिए ही मशहूर है तो कुछ खास बीचों की सैर करना न भूलें।

### एलीफेंट बीच

यह अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है।

### राधानगर बीच

हैवलॉक द्वीप पर स्थित यह बीच भी बहुत मनोरम हैं यहां के दृश्य बेहद सुंदर हैं। अंग्रेजी मैगज़ीन टाइम द्वारा इसे भारत के सबसे अच्छे बीचों में से एर माना गया और पूरी दुनिया का यह सांतवा बेस्ट बीच है। फोटोशूट के लिए यह बीच एकदम परफेक्ट हैं तो यदि आप अंडमान जाएं तो इस बीच पर फोटो खिंचवाना न भूलें।

### विजयनगर बीच

यह बीच भी अंडमान के बेस्ट बीचों में से एक है जो सैलानियों के बीच बहुत पॉप्युलर है। यहां का पानी बहुत साफ है और वातावरण स्वच्छ और सुंदर। यहां आप स्वीमिंग, बोटिंग, सर्फिंग और फोटोग्राफी का मज़ा ले सकते हैं। अंडमान के बीच फिलहाल अन्य जगहों के बीचों से साफ और सुंदर है, तो आप यदि कुदरत की गोद में सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं तो अगली छुट्टी अंडमान में बिताएं।

### काला पत्थर बीच

यह बीच भी बहुत सुंदर और शांत है। परिवार के साथ सुकून भरे तो पल बिताने वालों के लिए यह परफेक्ट जगह है। यहां की रेत चांदी की तरह चमकती है। इस बीच पर आप सनबाथ का मज़ा ले सकते हैं।

### बेस्ट टाइम

572 छोटे-बड़े द्वीपों से मिलकर बना है अंडमान। यह देश के सबसे आकर्षक टूरिस्ट प्लेसेज में से एक है। सिंतबर से लेकर मार्च तक का समय यहां जाने के लिए सबसे अच्छा है, क्योंकि तब आप यहां की कुदरती खूबसूरती के साथ ही सुहावने मौसम का पूरा मजा ले सकेंगे।

# मलेशिया है बेहद ही खूबसूरत, बिताए गर्मियों की छुट्टियां



**मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कदम रखते ही मुझे लगा कि मैं यूरोप, आस्ट्रेलिया या अमेरिका जैसे किसी विकसित देश की धरती पर खड़ी हूं। क्रोम और शीशे से बना यह हवाई अड्डा विश्व के सबसे आधुनिक हवाई अड्डों में एक है। चमकते हुए ग्रेनाइट के फर्श, नवीनतम तकनीक से लैस सभी सुविधाएं तथा डयूटीफ्री सामानों से भरी चमचमाती हुई दुकानें यहां आने वाले हर पर्यटक को सहज ही प्रभावित कर लेती हैं। मुझे लगा कि जब इतने ही दिनों में मलेशिया इतनी तरक्की कर सकता है तो हम क्यों नहीं? पर इस प्रश्न का जवाब सोचने से पहले ही मुझे पता लगा कि क्वालालम्पुर से पिनांग जाना है और वहां पहुंचने के लिए लगभग 40 मिनट की उड़ान फिर भरनी है। अभी भारतीय समय के अनुसार सुबह के पांच बजे थे, पर हवाई अड्डे की घड़ी सुबह साढ़े सात का समय दिखा रही थी यानी मलेशिया व भारत के समय में ढाई घंटे का अंतर था। मैंने स्थानीय समय के अनुसार अपनी घड़ी मिलाई और पिनांग जाने वाले विमान में बैठ गई।**



### सुपारी के पेड़ोंवाला द्वीप

मलेशिया पर्यटन विभाग की ओर से गए हम आठ लोग थे जिनका स्वागत बहुत ही गर्मजोशी से पिनांग हवाई अड्डे पर टूर गाइड लेना व एडी ने किया। हवाई अड्डे से अपने होटल मुतियारा बीच रिसोर्ट तक जाते हुए लेना व एडी ने हमें पिनांग के बारे में तमाम जानकारियां दीं। पिनांग की खूबसूरती की एक झलक हमें रास्ते में ही मिल गई। हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा पिनांग एक द्वीप है जिसका आकार एक तैरते हुए कछुए की तरह है। पिनांग की खूबसूरती से प्रभावित होकर ही ब्रिटिश रचनाकार सॉमरसेट मॉम ने लिखा था, यदि किसी ने पिनांग नहीं देखा, तो उसने संसार नहीं देखा। मुझे भी यहां आकर लगा कि मॉम ने कुछ गलत नहीं लिखा है। पूर्वी देशों के सबसे सुंदर शहरों में गिना जाता है पिनांग, जिसका नाम इस द्वीप पर बहुतायत से पाए जाने वाले सुपारी के पेड़ों के कारण पड़ा। मलय भाषा में पिनांग पान की सुपारी को कहते हैं। पूरब का मोती कहा जाने वाला यह द्वीप 1786 में सुदूर पूर्वी देशों में ब्रिटिश राज्य का पहला व्यापारिक केंद्र बना, पर आज यह पूरब और पश्चिम के मिलन का एक आकषर्क बिंदु है। चूंकि विश्व के लगभग सभी देशों से पर्यटक यहां वर्ष भर आते रहते हैं, अतः यहां की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्त्रोत पर्यटन है। पर्यटन संबंधी सुविधाएं यहां बहुत विकसित हैं और कई अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों का विकास भी काफी अच्छा है।

### असर चीनी संस्कृति का

कई वर्षो तक ब्रिटिश शासन के अधीन रहने के कारण यहां की पुरानी इमारतों में ब्रिटिश स्थापत्य की झलक दिखती है। साथ ही चीनी संस्कृति का प्रभाव आज भी यहां के लोगों पर देखा जाता है। लेना व एडी ने चीनियों द्वारा बनाए गए कुआन यिन तेंग, वाट चैया मांगकालाराम तथा अन्य बौद्ध मंदिरों को दिखाते हुए बताया कि पिनांग की राजधानी जॉज टाउन में चीनियों द्वारा बनाए गए ऐसे कई बौद्ध मंदिर हैं, जहां एक विशेष जाति के चीनी लोग विभिन्न त्योहार मनाने के लिए आज भी इकट्ठे होते हैं। इन मंदिरों पर बनी अत्यंत महीन चीनी पेंटिंग व लकड़ी की नक्काशी से सजे पैनल इस देश के कलाकारों की प्रतिभा का परिचय देते हैं। थाईलैंड की स्थापत्य कला से प्रभावित वाट चैया मांगकालाराम मंदिर में भगवान बुद्ध की लेटने की मुद्रा में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी प्रतिमा है।

### एक अनुभव अनोखा सा

मीलों तक फैले रेतीले मैदान व नारियल के पेड़ों की कतारों से सजे पिनांग के समुद्र तट विदेशी पर्यटकों को वर्षो से आकर्षित करते आ रहे हैं। दो दिन की पिनांग यात्रा के दौरान लेना व एडी हमें यहां के लगभग सभी दर्शनीय स्थलों पर ले गए, हमने स्थानीय भोजन का स्वाद लिया और बटरवर्थ तथा पिनांग के द्वीप के बीच चलने वाली फेरी में बैठकर द्वीप के चारों ओर फैले नीले पानी की सैर की। इस फेरी में लगभग 100 से अधिक गाड़ियां लोड की जा सकती हैं और 20-25 मिनट में समुद्र के जरिये अपनी गाड़ी में बैठे-बैठे आप पिनांग द्वीप तक आ-जा सकते हैं। यह मेरे लिए एक अनोखा अनुभव था। चीन, ब्रिटेन, थाईलैंड, बर्मा आदि देशों से प्रभावित पिनांग के इतिहास की जानकारी लेते और यहां के शौकीन व बहुत ही मिलनसार लोगों की यादें दिल में लेकर हम पिनांग ब्रिज से होते हुए क्वालालम्पुर की ओर चल दिए। यह ब्रिज पिनांग द्वीप व मलेशिया प्रायद्वीप को जोड़ने वाला विश्व का तीसरा सबसे लंबा ब्रिज है। यहां इस ब्रिज से जाते हुए पिनांग द्वीप की आखिरी झलक हमें मिल रही थी।



### ऐतिहासिक इमारतों के शहर में

क्वालालम्पुर जाते हुए हम मलेशिया के एक और राज्य पेराक से गुजरे जिसका मलय भाषा में अर्थ है चांदी। इस राज्य का यह नाम यहां पाई जाने वाली टिन की खानों के कारण पड़ा जिसका पेराक के इतिहास और अर्थव्यवस्था पर काफी गहरा प्रभाव रहा। पेराक की राजधानी ईपोह भी साफ सुथरे पार्क, चैड़ी सड़कों व आकषर्क ऐतिहासिक इमारतों के कारण दर्शनीय है। क्वाला कांगसार पेराक का शाही शहर है और यहां की प्राचीन खूबसूरत इमारतों में उबूदिहाह मसजिद व इस्कंदारियाह महल खास हैं। उबूदियाह मसजिद का निर्माण पेराक के 28वें सुलतान इदरीस मुर्शिदुल अदजाम शाह प्रथम के जमाने में शुरू हुआ पर इसके पूरा होने में काफी अड़चनें आई। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान हाथियों द्वारा यहां के इटैलियन मार्बल के फर्शो को तोड़ दिया गया और इसका उद्घाटन 1917 में हो सका। लगभग 100 वर्ष से भी अधिक पुराना रबर का पेड़ भी क्वाला कांगसार में दर्शनीय है। इसके अलावा पेराक की लाइमस्टोन गुफाएं और उनमें बौद्ध चित्रकला व बुद्ध की विशाल प्रतिमाएं भी देखने लायक हैं। लेटे हुए भगवान बुद्ध की 24 मीटर लंबी प्रतिमा के दर्शन करने हों, जो मलेशिया में सबसे लंबी प्रतिभा है, तो थाई बौद्ध मंदिर मेकप्रसित जाएं। यह ईपोह से तीन किलोमीटर उत्तर की ओर है। परिवार सहित आने वाले पर्यटकों के लिए आधुनिक राइड व झूलों से लैस बुकिट मेराह थीम पार्क भी यहां है, जो 600 हेक्टेयर में फैले लेक टाउन रिसोर्ट का एक हिस्सा है। पेराक टांग, सैम पोह टांग, शाही मसजिद, जैपनीज गार्डन, दारुल रिदजुआन संग्रहालय, ताम्बुन, सुंगकाई हिरण फार्म, क्वाला वोह जंगल पार्क, लता इस्कंदर वाटर फॉल आदि भी परोक के मुख्य दर्शनीय स्थलों में से हैं।

### रोशनी के बाग में

क्वालालम्पुर देखने की उत्सुकता ने हमें चैथे दिन मलेशिया की राजधानी पहुंचा दिया। गार्डन सिटी ऑफ लाइट्स कहे जाने वाले अपने शहर को यहां के लोग प्यार से केएल कहते हैं। 88 मंजिलों वाले विश्व के सबसे ऊंचे फ्री स्टैंडिंग टॉवर्स पेट्रोनास ट्विन टॉवर्स क्वालालम्पुर में प्रवेश करते ही दिखने लगते हैं। इस्लाम के पांच स्तंभों से प्रेरित यह इमारत मलेशिया की पहचान है। रात को ये टॉवर्स इतने खूबसूरत दिखते हैं कि इनकी ओर से आंखें हटाने की इच्छा नहीं होती। क्वालालम्पुर सिटी सेंटर के बीचोंबीच निर्मित पेट्रोनाज टॉवर्स मलय व आधुनिक आर्किटेक्चर का बेमिसाल नमूना है। इसके भीतर पेट्रोनाज फिलहारमोनिक हॉल है तथा पेट्रोनाज परफॉर्मिंग आर्ट्स ग्रुप भी। क्वालालम्पुर में हमने विश्व की चैथी सबसे लंबी (421 मीटर) तथा एशिया की सबसे ऊंची मीनार क्वालालम्पुर भी देखी, जिसके भीतर जाकर ऑब्जर्वेटरी डेक से आप पूरे क्वालालम्पुर तथा क्लैंग वैली का नजारा देख सकते हैं। यहां के रिवॉल्विंग रेस्टोरेंट में कई तरह के स्वादिष्ट भोजन का मजा लेते हुए आप क्वालालम्पुर की एक-एक इमारत, पार्क, संग्रहालय व घर आदि दूरबीन से देख सकते हैं। क्वालालम्पुर टॉवर दूरसंचार नेटवर्क, रेडियो व टीवी स्टेशन की ट्रांसमिशन टॉवर भी है।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भी भारतीय टीम को हराया

## सीरीज में 2-0 से आगे हुई

**ब्रिसबेन** एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल के शतकों से ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में भारतीय महिला टीम को 122 रनों से हराने के साथ ही 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पैरी ने 105 जबकि वोल ने 101 रन बनाये इससे मेजबान टीम ने आठ विकेट पर 371 रनों का सबसे बड़ा एकदिवसीय स्कोर बनाया। जीत के लिए मिले इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 249 रन ही बना पायी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फोबे लिचफील्ड 60 और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत दिलाई। वोल



ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही। उसने बेथ मूनी 56 के साथ मिलकर 98 रनों की स-झेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट वहीं रेणुका सिंह ने 78 रन पर एक विकेट लिया।, दीप्ति शर्मा ने 59 रन देक एक विकेट जबकि प्रिया मिश्रा ने भी 88 रन पर एक विकट लिया। मेजबान टीम ने पहले मैच में भी भारतीय टीम को 5 विकेट से हराया था। ऐसे में अब वह सीरीज में 2-0 से आगे हो गयी है।

# शमी को शीघ्र ऑस्ट्रेलिया भेजना ठीक रहेगा : शास्त्री



**एडिलेड** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिया भेज देना चाहिये। शास्त्री का कहना है कि अभी ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर भारी दबाव है। उसे कम करने के लिए शमी को भेजना ठीक रहेगा। शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेल रहे हैं। शास्त्री अभी ऑस्ट्रेलिया में कॉमेंट्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यशमी जितनी जल्दी यहां पहुंचेंगे, भारत के लिए उतना ही बेहतर होगा। वह बहुत सारे घरेलू मैच खेल रहे हैंह्न जब बुमराह गेंदबाजी कर रहे हों और अन्य गेंदबाजी भी ऐसा कर रहे होते हैं, तो आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों पर दबाव बना कसते हैं। ह्न शमी ने चोट से उबरने के बाद घरेलू टी20 प्रतियोगिता में बंगाल के लिए सात मैच खेले हैं। अभी तक शमी के लिए सब कुछ ठीक चल रहा है। शमी छोटे स्पैल में गेंदबाजी के दौरान वह लय और नियंत्रण बनाये हुए हैं। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के अधिकारियों और एक राष्ट्रीय चयनकर्ता की कड़ी निगरानी में वापसी कर रहे हैं। वहीं इससे पहले उन्होंने तीसरे टेस्ट के लिए शमी को जल्दबाजी में शामिल नहीं करने की चेतावनी भी दी थी।

## कमाई में भी पीछे नहीं हैं ईशान

**मुम्बई** भारतीय टीम से बाहर चल रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल अपनी वापसी के प्रयास में लगे हैं और जब भी अवसर मिले बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करते हैं। ईशान अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस बार उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड का केन्द्रीय अनुबंध नहीं मिला है। इसके बाद भी उनकी कमाई करोड़ों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल नेटवर्क 62 करोड़ रुपए के करीब है। वह आईपीएल से ही करोड़ों कमा लेते हैं।




आईपीएल 2024 तक मुंबई इंडियंस ने ईशान को 15.25 करोड रुपए में रखा था। वहीं इस बार उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड रुपए देने में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट से भी उन्हें एक अच्छी रकम मिल जाती है। इसके अलावा या बल्लेबाज ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए भी अच्छी कमाई कर लेता है। सोशल मीडिया अकाउंट पर अच्छी फैन फॉलोइंग होने के कारण कंपनियां इन्हें विज्ञापन करने का ऑफर देती हैं। ईशान किशन की ब्रांड वैल्यू में भी काफी उछाल देखने को मिला है पिछले 2 सालों में उनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा बढ़ी है। इंस्टाग्राम पर इस खिलाड़ी को 7.3 मिलियन लोग फॉलो करते हैं, जिसका फायदा उन्हें विज्ञापन के रुप में मिलता है। वह लक्जरी गाड़ियों के भी शौकीन हैं। उनके पास बीएमडब्ल्यू 5 सीरीज, मर्सिडीज-बेंज सी क्लास और फोर्ड मुस्तांग जीटी जैसी लक्जरी गाड़ियां उपलब्ध है।

# गावस्कर ने नीतीश को भविष्य का सितारा बताया




**एडीलेड** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने यहां गुलाबी गेंद से खेल जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए युवा नीतीश रेड्डी की जमकर प्रशंसा की है। नीतीश ने यहां भारतीय टीम की ओर से पहली पारी में सबसे अधिक रन बनाये। नीतीश ने पहले टेस्ट में भी अच्छी बल्लेबाजी की थी। दूसरे टेस्ट में जब भारतीय टीम संकट में थी। उस समय नीतीश ने निडर होकर आक्रामक बल्लेबाजी की थी। उसी कारण से भारतीय टीम पहली पारी में 180 रन तक पहुंच पायी। नीतीश ने सबसे अधिक 42 रन बनाये। अपनी पारी में नीतीश ने 3 चौके औऱ 3 छक्के लगाए। पारी के दौरान नीतीश ने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की गेंदों पर भी आसानी से बड़े शॉट लगा दिये। जिससे प्रशंसक भी उत्साहित हैं। नीतीश ने रिवर्स स्वीप और कवर के ऊपर से कई ऐसे शॉट मारे जिसे देखकर हर कोई हैरत में पड़ गया। गावस्कर भी नीतीश की इसी खूबी से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इस युवा ने अब तक खेला है उससे तय है कि ये भविष्य में एक स्टार क्रिकेटर बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि, उसने जिस अंदाज में शॉट मारे उसे देखकर समझा जा सकता है कि उसमें कितना आत्मविश्वास हैं। उसने बिना किसी डर के उसने बल्लेबाजी की औऱ दिखाया कि उसके अंदर भरपूर टैलेंट है.।


# दिल्ली की यात्रा में काफी खुश नजर आए गुरमित चौधरी

**मुंबई** हाल ही में अभिनेता गुरमित चौधरी दिल्ली में अपनी रोमांचक यात्रा के दौरान काफी खुश नजर आए। अभिनेता अपनी नेटफ्लिक्स सीरीज ह्ययेे काली काली आंखेंह्न के सीजन 2 का प्रमोशन करने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेता ने अपने फैंस के साथ खूब मस्ती की और तस्वीरें भी क्लिक करवाई। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह दिल्ली के उत्साही फैंस से घिरे हुए थे। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, दिल्ली में ह्यये काली काली आंखेंह्न सीजन 2 का प्रमोशन करना, क्या



शानदार दिन रहा। कुछ दिलचस्प पल, बेहतरीन ऊर्जा और निश्चित रूप से कभी ना भूल पाने वाले दिल्ली के वाइब्स। गुरमित के इस पोस्ट से साफ झलक रहा था कि वह अपनी दिल्ली यात्रा का पूरा लुत्फ उठा रहे थे। अपने किरदार की तैयारी को लेकर गुरमित ने खुलासा किया कि उन्होंने ह्यये काली काली आंखेंह्न सीरीज में अपने किरदार गुरु को बेहद चुनौतीपूर्ण और रोमांचक पाया। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने शारीरिक बदलाव के साथ-साथ मानसिक रूप से भी खुद को तैयार किया। मैंने इसके लिए एक्टिंग वर्कशॉप में भाग लिया, अपने लंबे बाल छोटे करवाए और वजन घटाने के लिए सख्त डाइट का पालन किया। मैं रोजाना बांद्रा में दौड़ने जाता था और आखिरकार मैंने 10 किलो वजन कम कर लिया, गुरमित ने कहा। ह्यये काली काली आंखेंह्न एक रोमांटिक क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। इस सीरीज में गुरमित के साथ श्वेता त्रिपाठी और आंचल सिंह भी लीड रोल में हैं।

# हंसिका और सोहेल ने मनाई शादी की सालगिरह



**मुंबई** अभिनेत्री हंसिका मोटवानी और उनके पति सोहेल कथूरिया अपनी शादी की दूसरी सालगिरह मनाई। हंसिका ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर पति सोहेल के साथ प्यार भरी तस्वीरें शेयर कीं, जिससे उनके फैंस और साथी कलाकार भी उनकी खुशियों में शामिल हो गए। हंसिका ने इंस्टाग्राम पर सोहेल को सालगिरह की शुभकामनाएं देते हुए एक सुंदर तस्वीरों की सीरीज साझा की। तस्वीरों में दोनों को साथ में खास पल बिताते हुए देखा जा सकता है। एक तस्वीर में दोनों समंदर के किनारे खड़े नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वे एक-दूसरे के साथ लापरवाही से मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। हंसिका ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ह्लदूसरी सालगिरह मुबारक बेब, अभी बहुत कुछ बाकी है, आपको प्यार ह्न हंसिका मोटवानी और सोहेल कथूरिया ने 4 दिसंबर 2022 को राजस्थान की राजधानी जयपुर के मुन्दोता फोर्ट में शाही अंदाज में शादी की थी। उनकी शादी पर एक डॉक्यूमेंट्री शो भी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुआ था, जिसका नाम ह्यलव, शादी, ड्रामाह्न था। इस डॉक्यूमेंट्री में हंसिका और सोहेल की प्रेम कहानी और शादी की तैयारी के काफी दिलचस्प पहलुओं को दिखाया गया है। हंसिका और सोहेल की दोस्ती की शुरूआत 2006 में हुई थी, जब सोहेल, हंसिका की एक दोस्त के पति थे। दोनों एक डेस्टिनेशन वेडिंग में मिले थे, जिसमें हंसिका भी शामिल हुई थीं।

# पायल के पिता जूझ रहे हैं प्रोस्टेट कैंसर से

**मुंबई** सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेत्री पायल रोहतगी ने बताया कि उनके पिता प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे हैं। अपने फॉलोअर्स से अभिनेत्री ने आर्थिक मदद की अपील करते हुए अपनी परिवार की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी। पायल ने बताया कि उनके पिता 2018 से प्रोस्टेट कैंसर, 2006 से सीओपीडी (सिकुड़े हुए फेफड़े) और 2008 से गंभीर ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं, और उनका इलाज काफी महंगा हो गया है। पायल ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा नोट लिखते हुए कहा, हमारे देश में चिकित्सा



उपचार बहुत महंगे हैं, और हर मिडिल क्लास परिवार के पास सीमित धन होता है। मेरे पिता ने अपनी चिकित्सा बीमा प्रीमियम का भुगतान किया था, लेकिन जब उसे लाभ नहीं मिला तो वह बहुत निराश हुए। पायल ने यह भी बताया कि उनके पिता ने उनसे इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की थी, ताकि वह लोगों से जुड़ सकें और मदद प्राप्त कर सकें। अभिनेत्री ने अपने फॉलोअर्स से दान करने की अपील की और कुछ मेडिकल रिपोर्ट भी साझा की। पायल ने कहा, मेरे प्रशंसकों से अनुरोध है कि वे उदारतापूर्वक दान करें। अगर कोई अधिक जानकारी चाहिए तो पूरी मेडिकल फाइल ईमेल पर भी भेजी जा सकती है। पायल रोहतगी ने 2008 में रियलिटी शो बिग बॉस में भाग लिया था और 2022 में एएलटी बालाजी के शो लॉक अप में उपविजेता बनीं। इस दौरान उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे।


## विशेष सूचना

**आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध्र रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दर्शाये गये हैं।**

**समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।**

**सारिका**
डेक्स एडिटर
7500992656

---

**नाथीराम कश्यप**
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095

---------

**शादाब अली**
देहरादून
मो. 9897139325

-----

**शमशाद अहमद**
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

**अमित कुमार मंगोलिया**
सम्पादक
प्रधन कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल
जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर,
हरिद्वार
मो. 9219141431
किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा


स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार